
RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन पी.439/2015-2017

# द अचीवर टाइम्स



वर्ष : 9 अंक : 221

पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, 03 दिसम्बर, रविवार 2023

## खबर संक्षेप

### यूएस-चीन यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की मांग


**वॉशिंगटन।** चीन में इन दिनों फैल रहे रहस्यमयी निमोनिया के खौफ के बीच अमेरिकी सीनेटरों ने



राष्ट्रपति जो बाइडेन से यूएस-चीन के बीच यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। रिपब्लिकन सीनेटरों के एक समूह ने मार्को रुबियो के नेतृत्व में राष्ट्रपति जो बाइडेन को पत्र लिखा। बीमारी के बारे में जानकारी नहीं मिल जाती, तब तक यात्रा पर प्रतिबंध लगाएं।

### जिनपिंग ने तटरक्षक बल को दी खुली छूट


**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने तटरक्षक बल को खुली छूट दे दी है। उन्होंने कहा कि



चीनी तटरक्षक बल को चीन की क्षेत्रीय संप्रभुता की रक्षा के लिए समुद्री कानून लागू करना चाहिए और 'आपराधिक गतिविधियों' पर कार्रवाई करनी चाहिए। अंदेशा है कि चीनी तटरक्षक बल अब दक्षिण चीन सागर में आक्रामक तरीके से कार्रवाइयों को अंजाम दे सकती है।

### चीन में 8 साल तक के बच्चों के मोबाइल पर बैन

**बीजिंग।** चीन ने बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल को लेकर नया प्लान बनाया है। 8 साल से कम उम्र के



बच्चों को एक दिन में सिर्फ 40 मिनट इस्तेमाल करने की छूट मिलेगी। स्मार्टफोन के गलत इस्तेमाल को लेकर चीन सख्त हो गया है। हालांकि कुछ एक्सपर्ट का मानना है कि अगल-अलग उम्र के बच्चों के लिए स्मार्टफोन के इस्तेमाल का समय अलग-अलग होना चाहिए।

### रैना मतदाता जागरूकता राजदूत नियुक्त किए गए


**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पांडुरंग के पोल ने शुक्रवार को पूर्व क्रिकेटर सुरेश



रैना को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए युवा मतदाता जागरूकता राजदूत के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। सुरेश रैना एक क्रिकेट दिग्गज हैं और भारत में एक सम्मानित व्यक्ति होने के नाते खासकर युवाओं के बीच काफी प्रभाव रखते हैं।

### साढ़े 88 लाख श्रद्धालु कर चुके मां वैष्णो के दर्शन

**जम्मू।** पिछले वर्ष 2022 के नवंबर माह तक 85,63,138 श्रद्धालुओं ने मां वैष्णो देवी के दरबार में अपनी



हाजिरी लगाई थी। नवंबर माह तक 88,59,647 श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दर्शन कर चुके हैं। बीते वर्ष के मुकाबले इस वर्ष करीब 2,96,509 अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में हाजिरी दी। 2023 के जनवरी माह में 5,24,189 श्रद्धालु मां के दरबार हाजिरी लगाने पहुंचे थे।

---

## सीबीआई का 4 शहरों में सर्च ऑपरेशन

# दिल्ली, नोएडा, चंडीगढ़ और शिमला में छापेमारी



- पूर्व राज्यपाल मलिक के सलाहकार, तीन तीन चार्टर्ड अकाउंटेंट निशाने पर

**किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट में कथित भ्रष्टाचार का मामला**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट में कथित भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई 2 दिसंबर को चार शहरों में छह जगहों पर तलाशी ले रही है। यह तलाशी दिल्ली, नोएडा, चंडीगढ़ और शिमला में दो व्यक्तियों के परिसरों पर की गई है। सीबीआई इस प्रोजेक्ट में कथित भ्रष्टाचार के संबंध में 12 स्थानों पर छापेमारी कर रही है, जिसमें दिल्ली में 10 और राजस्थान में दो स्थान शामिल हैं। ये स्थान जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के पूर्व मीडिया सलाहकार, तीन चार्टर्ड अकाउंटेंट और अन्य के हैं।

*इसी साल मई में भी सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली, राजस्थान और जम्मू कश्मीर में करीब 12 स्थानों पर छापेमारी की थी। उस दौरान जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के मीडिया सलाहकार सुनक बाली समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ छापेमारी की गई थी। पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने जम्मू कश्मीर में दो परियोजनाओं में 300 करोड़ की घूस की पेशकश के आरोप लगाए थे। उसके बाद सीबीआई ने अप्रैल 2022 में पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था और कारवाई शुरू की थी।*

### क्या है किरू हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट ?

किरू पनबिजली परियोजना किश्तवाड़ तहसील में चिनाब नदी पर विकसित की जा रही एक रन-ऑफ-द-रिवर योजना है। यह परियोजना चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स (सीवीपीपी) की ओर से विकसित की जा रही है, जो नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी, 49%), जम्मू और कश्मीर स्टेट पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (जेकेएसपीडीसी, 49%) और पावर ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (पीटीसी, 2%) के बीच एक संयुक्त उद्यम है।

---

## पीएम नरेंद्र मोदी ने कॉप-28 वर्ल्ड क्लाइमेट एक्शन समिट में दिया सुझाव

# जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकसित देश करें टेक्नोलॉजी का ट्रांसफर

*पीएम नरेंद्र मोदी ने दुबई में कॉप-28 वर्ल्ड क्लाइमेट एक्शन समिट में हिस्सा लिया। इस दौरान ग्रीन क्रेडिट्स कार्यक्रम में पीएम मोदी ने पर्यावरण के हेल्थ कार्ड के बारे में सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि जिस तरह हम अपने हेल्थ कार्ड का ख्याल रखते है, ठीक उसी तरह हमको पर्यावरण के बारे में भी सोचना चाहिए।*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दुबई में आयोजित कॉप 28 वर्ल्ड क्लाइमेट एक्शन समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुनिया को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित देशों को अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का सुझाव देते हुए कहा कि जो भी देश ज्यादा कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार हैं उन्हें क्लाइमेट चेंज का सामना करने के लिए विकासशील और अल्पविकसित देशों को टेक्नोलॉजी का ट्रांसफर करना चाहिए।

पीएम मोदी ने 2028 की क्लाइमेट समिट यानी कॉप 33 भारत में होस्ट करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि भारत ने इकोलॉजी और इकोनॉमी के संतुलन का उदाहरण दुनिया के सामने पेश किया है। 17 फीसदी आबादी के बावजूद कार्बन उत्सर्जन में हमारी हिस्सेदारी केवल 4 फीसदी से भी कम है। पीएम मोदी ने 2030 तक कार्बन उत्सर्जन 45 फीसदी तक घटाना की बात को फिर से दोहराई इसके लिए भारत ने ग्लोबल बायो फ्यूल एलायंस बनाया है। पीएम क्लाइमेट समिट में शामिल होने के लिए 30 नवंबर की रात दुबई पहुंचे थे।

**खास बातें**

- 17 फीसदी आबादी के बावजूद कार्बन उत्सर्जन में भारत हिस्सेदारी 4 फीसदी से भी कम है।
- पर्यावरण हेल्थ कार्ड के बारे में दिया सुझाव
- पीएम ने कॉप 33 भारत में होस्ट करने का प्रस्ताव रखा



**दुबई में वर्ल्ड लीडर्स के बीच पीएम मोदी**

कॉप 28 की बैठक में पहुंचे पीएम मोदी ने दुनिया के कई बड़े नेताओं से मुलाकात की। वे इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जियो मेलोनी और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट से मिले। दुबई पहुंचने के बाद पीएम मोदी ने भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात की और हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। इस दौरान एक डांस ग्रुप ने परफॉर्मेंस भी दी। पीएम ने कुछ देर खड़े होकर डांस देखा और कलाकारों की तारीफ की। इसके अलावा मोदी ने युवाओं और महिलाओं से भी मुलाकात की।

### विकसित देश विकासशील देशों को देंगे फंड

पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे कहीं बाढ़ आ रही हैं तो कहीं सूखा पड़ रहा है। हालांकि, क्लाइमेट चेंज के नतीजे सभी देशों के लिए एक समान नहीं रहे हैं। 2022 में पाकिस्तान में खतरनाक बाढ़ आई थी। इसका 33 लाख लोगों पर असर हुआ था। पहले आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान को 30 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ था। वहीं, वांताउ नाम के आइलैंड देश को समुद्र का स्तर बढ़ने से अपने 6 शहरों को दूसरी जगह विस्थापित करने पड़े हैं। इसके चलते विकासशील देश लगातार फंड की मांग कर रहे हैं ताकि वे क्लाइमेट चेंज की वजह से आ रही त्रासदियों से अपने लोगों का बचा सकें। भारत और चीन जैसे विकासशील देशों का मानना है कि इसकी जिम्मेदारी अमीर देशों को लेनी चाहिए। क्योंकि उनके द्वारा कार्बन उत्सर्जन अत्यधिक किया गया है जिसके कारण धरती का तापमान बढ़ा है। 1975 से 2021 कार्बन उत्सर्जन में 25% हिस्सेदारी सिर्फ अमेरिका की रही है। जबकि भारत ने सिर्फ 3.4 फीसदी कार्बन उत्सर्जन किया है। इसके चलते अब अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी समेत कई देशों को विकासशील देशों को सालाना हर्जाने के तौर पर कुछ रुपए देने होंगे।

### पीएम मोदी ने कतर के शासक से की मुलाकात

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि दुबई में कोप 28 के इतर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद से मिलने का अवसर मिला। द्विपक्षीय साझेदारी की संभावना और कतर में भारतीय समुदाय के कल्याण को लेकर हमारी अच्छी बातचीत हुई। दोनों नेताओं के बीच ऐसे समय में मुलाकात हुई जब कतर में भारत के आठ पूर्व नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई गई है। भारत सरकार इन लोगों की देश वापसी का प्रयास कर रही है और सजा के खिलाफ कोर्ट में अपील की है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कह चुके हैं कि पूर्व नौसैनिकों को वापस लाने का भारत सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है।



---

## भारतीय मूल के रेडियो होस्ट को मारने की थी कोशिश

# न्यूजीलैंड में तीन खालिस्तानी चरमपंथियों को मिली सजा

एजेंसी ▸▸ ऑकलैंड

न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में स्थित लोकप्रिय रेडियो होस्ट हरनेक सिंह की हत्या की कोशिश के लिए 3 खालिस्तान चरमपंथियों को सजा सुनाई गई है। हरनेक सिंह का मर्डर करने की कोशिश के लिए 27 साल के सर्वजीत सिद्धू, 44 साल के सुखप्रीत सिंह समेत एक 48 वर्षीय अज्ञात ऑकलैंड निवासी को दोषी पाया गया। ये तीनों हरनेक सिंह की हत्या



इसलिए करना चाहते थे, क्योंकि वे लोग उनके खालिस्तानी विचारधारा के खिलाफ मुखर होने से नाराज थे। उन्होंने ये हमला 23 दिसंबर, 2020 को कार का पीछा करके किया था। उस दौरान हरनेक सिंह पर 40 से अधिक बार चाकू से हमला किया गया। हालांकि, वो किसी तरह बच गए, लेकिन उन्हें इसके लिए 350 से अधिक टांके और कई सर्जरी की आवश्यकता पड़ी।

### 40 चाकू मारे, शुक्र है जिंदा बच गए थे

जज वूलफोर्ड ने कहा कि ये धार्मिक कट्टरता के सभी लक्षणों को दिखाता है। बता दें कि हमले के पीछे के 48 वर्षीय मास्टरमाइंड सुखप्रीत सिंह को साढ़े 13 साल की सजा मिली, जिसमें पैरोल पात्रता से पहले न्यूनतम नौ साल की कैद शामिल है। सर्वजीत सिद्धू को साढ़े नौ साल की कैद की सजा सुनाई गई, जबकि सुखप्रीत सिंह को छह महीने की घरेलू नजरबंदी की सजा मिली। हमले के वक्त लोगों ने उनके पेट में चाकू मार दिया। हालांकि, हरनेक सिंह अपनी कार के दरवाजे बंद करने में कामयाब रहे और कार के हॉर्न बजाकर आस-पास के लोगों को अलर्ट कर दिया। इसके बाद लोगों ने घरों से बाहर निकलकर हरनेक सिंह को तुरंत हॉस्पिटल पहुंचा दिया।

---

## 13, 14 दिसंबर को खगोलीय घटना

# वैज्ञानिकों का दावा: आसमान से होगी तारों की बारिश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड के नैनीताल में स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र यादव ने दावा किया है कि 13 और 14 तारीख के बीच बड़े पैमाने पर तारों की बारिश होने वाली है। आसमान में हर घंटे 100 से 150 तारे टूटेंगे। डॉ. वीरेंद्र यादव ने कहा कि ये घटना 24 दिसंबर तक होगी। उल्कापात का नाम रखा गया है। जेमिनीड उल्कापात का नाम मिथुन राशि यानि जेमिनी तारामंडल के नाम पर रखा गया है।

### 24 दिसंबर तक तारों की बारिश होने की संभावना

24 दिसंबर तक तारों की बारिश होने की संभावना है। हालांकि वास्तविक तारों से इस घटना का कोई सीधा



संबंध नहीं है क्योंकि यह आसमान में गुजरते उल्काओं का जलता हुआ मलबा है। लेकिन इन्हें धरती से देखने पर तारे टूटने जैसा एहसास होता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि जब धूमकेतु का मलबा पृथ्वी के रास्ते में आता है तो वह जलने लगता है।

---

## हेट स्पीच पर सीजेआई ने जताई चिंता

# फेक न्यूज व अफवाहों के जरिए भड़काई जा रही हिंसा

- डिजिटल युग में नागरिक स्वतंत्रता रखना मुश्किल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



इंटरनेट के बढ़ते दुष्प्रचार और हेट स्पीच को लेकर सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने चिंता व्यक्त की है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि यह लोकतंत्र में मुक्त भाषण को समझने के पारंपरिक तरीकों के लिए गंभीर चुनौती पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर दिन अखबार में सरसरी नजर डालते ही अहसास हो जाता है कि फेक न्यूज, अफवाहें और लक्षित दुष्प्रचार अभियान द्वारा भड़काई जा रही सांप्रदायिक हिंसा के उदाहरणों को सामने ले आती है। 'डिजिटल युग में नागरिक स्वतंत्रता को कायम रखना: निजता, निगरानी और मुक्त भाषण' विषय पर 14वें जस्टिस वीएम तारकुंडे मेमोरियल लेक्चर देते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि दुष्प्रचार को भारतीय संविधान अनुच्छेद 19 के तहत पारंपरिक मुक्त भाषण सिद्धांतों और संवैधानिक न्यायशास्त्र द्वारा संरक्षित नहीं किया गया।

### फेक न्यूज पर बोले- तथ्यों का कोई बाजार नहीं

चीफ जस्टिस ने कहा कि बाजार केवल तभी अस्तित्व में रह सकता है जब बुनियादी तथ्यों की सत्यता पर सहमति हो। तथ्यों का कोई बाजार नहीं है। उन्होंने कहा कि दुष्प्रचार लोकतांत्रिक चर्चा को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने उन अध्ययनों का हवाला दिया जो बताते हैं कि सोशल मीडिया पर फेक न्यूज अधिक व्यापक रूप से साझा की जाती हैं। सीजेआई ने ऑनलाइन दुष्प्रचार से निपटने के लिए बनाए गए कानूनों के दुरुपयोग की भी आशंका व्यक्त की। जब ऑनलाइन भाषण की सामग्री मॉडरेशन की बात आती है तो जटिल नैतिक दुविधा होती है। जो दो प्रमुख मूल्यों को संतुलित करने की कोशिश में पैदा होती है- (1) अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कायम रखना और (2) गलत सूचना से होने वाले नुकसान की रोकथाम।

### फेक न्यूज खुली बहस को खत्म कर देती: चंद्रचूड़

डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस तरह फेक न्यूज के प्रसार को बर्दाश्त करना उस स्वतंत्र और खुली बहस को खत्म कर देता है, जिसकी रक्षा लोकतंत्र करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हर दिन अखबार में सरसरी नजर डालते ही अहसास हो जाता है कि फेक न्यूज, अफवाहें और लक्षित दुष्प्रचार अभियान द्वारा भड़काई जा रही सांप्रदायिक हिंसा के उदाहरणों को सामने ले आती है।

---

## लॉन्चिंग 24 दिसंबर को फ्लोरिडा से होगी, 50 साल बाद फिर

# अमेरिका चांद पर उतारेगा निजी कंपनी का लैंडर

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

1972 में अपोलो-17 मिशन चांद पर अमेरिका का आखिरी मिशन था। इसके बाद उसने चांद की सतह पर न तो यंत्र भेजे। न ही इंसान। लेकिन अगले महीने अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा चांद की सतह पर एक लैंडर उतारने जा रही है। इस लैंडर को 25 जनवरी को चांद की सतह पर उतारा जाएगा। मजेदार बात ये है कि इस बार लैंडर नासा का नहीं बल्कि यह एक निजी कंपनी का है। लैंडर का नाम पेरेग्रिन है। अमेरिकी कंपनी एस्ट्रोबोटिक ने इस लैंडर को बनाया है। कंपनी के सीईओ जॉन थ्रॉन्टन कहते हैं कि पेरेग्रिन में नासा का यंत्र लगा है, जो चांद के पर्यावरण की स्टडी करेगा। ताकि अर्टेमिस मिशन में मदद हो।

- यह चांद के पर्यावरण की करेगा स्टडी
- 25 जनवरी को चांद की सतह पर उतारा जाएगा



### भारत की तर्ज पर सस्ते में होगी लांचिंग

इस पूरे मिशन में इस बात का भी ख्याल रखा जा रहा है कि मिशन में ज्यादा खर्च नहीं होना चाहिए। अमेरिका भारत की तर्ज पर कम खर्चे में इस मिशन को पूरा करने का प्रयास कर रहा है। बता दें कि कुछ साल पहले नासा ने अमेरिकी कंपनियों को कमीशन किया था। ताकि चांद पर साइंटिफिक एक्सपेरिमेंट और तकनीकों को पहुंचाया जा सके। इस प्रोग्राम का नाम था सीएलपीएस। इस प्रोग्राम के तहत निजी कंपनियों को फिक्स प्राइस पर कॉन्ट्रैक्ट्स दिए गए थे। ताकि चंद्रमा की अर्थव्यवस्था बन सके। सस्ते में मिशन लॉन्च हो सके।

### वल्कन सेन्टॉर रॉकेट का इस्तेमाल

इसके लिए वल्कन सेन्टॉर रॉकेट का इस्तेमाल किया जाएगा। इसकी पहली लॉन्चिंग 24 दिसंबर को फ्लोरिडा से होगी। इसके बाद 25 जनवरी को चांद की सतह पर लैंडर को उतारने का प्रयास किया जाएगा। चांद पर उतरने का पूरा काम लैंडर खुद ऑटोमैटिकली करेगा। उसमें इंसानों की तरफ से कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। बस एस्ट्रोबोटिक के कंट्रोल सेंटर से निगरानी की जाएगी।

## 05 से 20 दिसम्बर के मध्य किया जायेगा राशन का वितरण:-कमल नयन सिंह



द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

हरदोई जिला पूर्ती अधिकारी कमल नयन सिंह ने बताया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत माह दिसम्बर, 2023 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न को अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 कि0ग्रा0 गेहूँ व 21 कि0ग्रा0 चावल (कुल 35 कि0ग्रा0 प्रति कार्ड) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 02 कि०ग्रा० गेहूँ व 03 कि०ग्रा० चावल (कुल 05 कि0ग्प्र0 प्रति यूनिट) निःशुल्क एवं माह अक्टूबर 2023, नवम्बर, 2023 व दिसम्बर, 2023 के सापेक्ष चीनी का सशुल्क 18.00 रू० प्रति कि०ग्रा० प्रति अन्त्योदय कार्ड पर कुल 03 कि०ग्रा० कुल 54.00 रु० में का वितरण 05 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2023 के मध्य किया जायेगा। 3. खाद्यान्न के वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विकेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमातक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। योजनान्तर्गत वितरण की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर 2023 होगी, जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाईल ओ०टी०पी० वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा।

# फरियादियों की समस्या को जल्द करें निस्तारण- जिलाधिकारी

(द अचीवर टाइम्स) नीरज शुक्ला/संदीप



सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। शनिवार को पारिजात सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने फरियादियों की शिकायतों को मनोयोग पूर्वक सुनकर सम्बंधित पटलों के अधिकारी कर्मचारियों को दिवस में आंयी शिकायतों का गुणवक्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं।

दिवस में मेहौरा गांव के आधा दर्जन से अधिक दलितों परशुराम रावत, तुलसीराम, सियाराम, रामकैलाश, अवधराम आदि ने गांव के ही शिवकैलास पर आरोप लगाया है कि उन्हें कृषि कार्य हेतु पटटे पर दी गई भूमि पर राजस्व प्रशासन द्वारा कई बार पैमाइश करने के बावजूद अवैध रूप से कब्जा नहीं छोड रहा है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह एस एच ओ राम सनेहीघाट को कार्यवाही कर कब्जा दिलवाने का आदेश दिया है।आरती पत्नी स्वर्गीय दाताराम निवासी बोधिकपुरवा ने मृत्यु प्रमाणपत्र तथा परिवार रजिस्टर की नकल दिलवाने, विनोद कुमार पांडेय निवासी कन्धईपुर ने चोटहिल गोवंशों का शीघ्राति शीघ्र उपचार कराने बाबत डी एम से शिकायत किया। जिलाधिकारी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पशुपालन विभाग की टीम को उपचार के लिए भिजवाया। मरकामऊ की सुनीता त्रिपाठी ने अन्त्योदय कार्ड बनाने कलावती शेषपुर टुटरु ने मृत्यु प्रमाणपत्र परिवार रजिस्टर नकल दिलवाये जाने की गुहार लगाई है।दिवस में उपजिलाधिकारी मो0 शम्स तबरेज खान तहसीलदार बैशाली अहलावत नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पाण्डेय संजय कुमार जिला कृषि अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी, जिला वन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग दीपक चौधरी, एडीसन सिंह सहायक अभियन्ता अधिशासी अभियन्ता विद्युत डी के यादव सहायक अभियन्ता रामगोपाल, मोनिका पाठक एम के गुप्ता बी डी ओ, जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी थानाध्यक्ष बदोसराय प्रफुल्ल कुमार यादव, टिकैतनगर, सफदरगंज, रामसनेहीघाट, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी सहित समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस पर सीडीओ ने कहा अधिकारियों की उपस्थिति होगी अनिवार्य



**सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिनिधि न भेजकर विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति होगी अनिवार्य– सीडीओ**

हिमांशु त्रिपाठी (द अचीवर टाइम्स)

हरदोई।तहसील सभागार संडीला में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सीडीओ सौम्या गुरुरानी व उपजिलाधिकारी सण्डीला तान्या सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसमें क्षेत्राधिकारी बंदना शर्मा, तहसीलदार राजीव कुमार यादव, नायब तहसीलदार संडीला, संडीला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नित्या नन्द सिंह व संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।सीडीओ के द्वारा समस्त अधिकारी को निर्देश दिए गए कि उनके संबंधित विभाग का कोई भी प्रतिनिधि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में ना भेजा जाए, अधिकारी स्वयं आएं।इस मौके पर कुल 92 फरियादियों ने अपनी शिकायत पेश की। फरियादियों को मुख्य रूप से उनकी शिकायतों को जल्द निदान का आश्वासन दिया गया, जिसमें से 4 फरियादियों की शिकायतों का समाधान मौके पर किया जा सका।

# गरीबों को न्याय एवं पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना अधिकारी की जिम्मेदारीः डीएम

**राजस्व एवं पुलिस टीम गांव–गांव अभियान चलाकर सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को एक सप्ताह में कब्जा मुक्त करायें:–एम0पी0 सिंह**

**क्षेत्र में शान्ति बनाना और आम जनमानस को सुरक्षा देना करना पुलिस की जिम्मेदारी:– एसपी**

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला



हरदोई, सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शाहाबाद के सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में गरीबों के पट्टे की भूमि तथा चकरोड, खेल मैदान एवं तालाब आदि की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की सबसे अधिक शिकायते प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदार को निर्देश दिये कि राजस्व एवं पुलिस विभाग कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर गांव-गांव अभियान चलाकर सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को एक सप्ताह में कब्जा मुक्त करायें और गरीबों तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।जिलाधिकारी ने कहा कि गरीबों को न्याय एवं पात्रों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिलास्तरीय अधिकारी की जिम्मेदारी है इसलिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करें।

उन्होने कानूगो तथा लेखपालों को निर्देश दिये कि जो चकरोड खाली करायें उनके चिन्हीकरण के लिए दोनो तरफ बल्लियां लगवायें और ग्राम प्रधान से समन्वय बनाकर चकरोड की ऊँचा बनवायें ताकि कोई दोबारा चकरोड पर कब्जा न कर सके।विद्युत विभाग की शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के खराब ट्रांस्फरमरों को निर्धारित अवधि में बदलवायें और रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करायें।पेंशन संबंधी शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पेंशन संबंधी विभागों को निर्देश दिये कि जिन निराश्रित, वृद्वावस्था तथा दिव्यांग पेंशनरों की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी है उनकी जांच कराकर पात्र लोगों की पेंशन बहाल कराये और नये पेंशनरों के प्राप्त आवेदनों की जांच कराकर उन्हें स्वीकृत के लिए विभाग को प्रेषित करें।जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान में अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस, सम्पूर्ण समाधान तथा थाना समाधान दिवस आदि से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें।

समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने कहा कि क्षेत्र में शान्ति बनाये रखना और आम जनमानस को सुरक्षा प्रदान करना पुलिस की जिम्मेदारी है, इसलिए सभी थानाध्यक्ष रात्रि भ्रमण में तेजी लाये और ग्रामीण क्षेत्र के अपराधियों के सम्बन्ध में बीट सिपाही एवं चौकीदारों से नियमित जानकारी लें तथा राजस्व टीम के साथ भूमाफियों के खिलाफ संयुक्त कार्यवाही करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएफओ, जिला विकास अधिकारी, डीडी कृषि, तहसीलदार, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, एमओआईसी, सीडीपीओ तथा थानाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने शाहाबाद में मौलागंज मोहल्ले में बाल्मीकी मंदिर की विवादित भूमि का निरीक्षण किया तथा तहसीदार एवं ईओ शाहाबाद को निर्देश दिये कि उक्त भूमि की पैमाईस करायें और उचित हो तो बाल्मीकी परिवारों एवं अन्य गरीबों के शादी समारोह आदि के लिए सामूहिक बारात घर का निर्माण करायें।

## दूध डेयरी के काले कारोबार का भंडाफोड़, 8.50 लाख की कीमत का मिलावटी दूध बरामद

द अचीवर टाइम्स हिमांशु त्रिपाठी



हरदोई। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने सण्डीला औद्योगिक में एक दूध डेयरी पर छापा मारते हुए वहां से 17 हजार लीटर मिलावटी दूध बरामद किया है। बरामद हुए दूध की कीमत 8 लाख 50 हजार रुपये बताई जा रही है। इसके अलावा एक हजार लीटर सरविटल, चार सौ लीटर दूध में मिलावट करने के काम आने वाला रिफाइंड व एक क्विंटल मिल्क पाउडर भी बरामद किया गया है।

बताया गया है कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने शुक्रवार की रात सण्डीला औद्योगिक क्षेत्र में अभिषेक दूध डेयरी में छापा मारा।टीम ने मिलावटी दूध के दो,सरविटल, रिफाइंड और मिल्क पाउडर का एक-एक सैम्पल लिया और बरामद हुआ सारा मिलावटी दूध वहीं पर नष्ट कर दिया। डेयरी परिसर में पांच ड्रमों में 1000 लीटर सारबिटाल, दो ड्रम में 400 लीटर रिफाइंड तेल भी बरामद।

पांच बोरियों में 100 किलोग्राम मिल्क पाउडर भी बरामद।

लगभग 17000 लीटर मिलावटी दूध कराया गया नष्ट।

मिश्रित दूध, सारबिटाल, रिफाइंड तेल व मिल्क पाउडर के सैम्पल संग्रहित कर जांच हेतु भेजे गए खाद्य प्रयोगशाला।

काफी समय से चल रहा था क्षेत्र में नकली दूध बनाने का खेल।

जिम्मेदारों की घोर लापरवाही हुई उजागर, एक बार फैक्ट्री सीज होने के बाद पुनः होता मिला संचालन।

टीम मे सहायक खाद्य आयुक्त सतीश कुमार, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिरुद्ध गंगवार, रामकिशोर, खुशीराम, अजीत सिंह व सुभाष मौर्या के अलावा पुलिस टीम मौजूद रही।इस तरह हुई छापामारी से समूचे सण्डीला औद्योगिक क्षेत्र में खलबली मच गई।खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

### पहले भी इसी फैक्ट्री पर हो चुकी है छापेमारी

सण्डीला औद्योगिक क्षेत्र में अभिषेक दूध डेयरी में हुई छापामारी पहली दफा नहीं बल्कि इससे पहले भी हो चुकी है। बताया गया है कि उस दौरान हुई छापामारी में काफी मिलावटी दूध बरामद हुआ था।हालांकि इस बारे में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के पास इस बात की शिकायतें पहुंच रहीं थीं कि दूध डेयरी में पहले की तरह मिलावटी दूध बनाया जा रहा है, उसी के तहत छापामारी की गई।

# बिलग्राम में भव्य राम बारात में जुटे हजारो लोग

**दीदार के लिए सड़क पर आस्था का सैलाब**

**रात एक बजे तक खचाखच भरी रहे सड़के**

**मनामोहक झांकियां,व प्रदेश भर से आये कलाकार**

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

बिलग्राम।हरदोई बिलग्राम कस्बे मे रामलीला मे राम बारात का इन्तजार हर किसी को था।शुक्रवार की रात झांकियों और कई कार्यक्रमों से सजी राम बारात निकाली गई। रथ पर सवार श्री राम दूल्हा बने और सड़क पर आस्था का सैलाब दिखा।

आयोजित राम बारात में हिंदू मुस्लिम एकता का संगम दिखा ।बैंड बजाते, मुस्लिम समुदाय के लोग धार्मिक गीतो से सौहार्द का माहौल बनाते रहे।प्रदेश भर आए कलाकारो ने झांकिया पेश की।राम बारात मे इस बार रथों के साथ 18 बड़ी झांकियां, तीन बैन्ड के साथ रात सात बजे मंशानाथ कालेज से बारात उठी।जैसे ही सड़क पर बारात पहुची वैसे ही आसामान सतरंगी आतसबाजी से नहा गया। बारात मे सामिल होने के लिए बिलग्राम के अलावा गांवो से भी हजारों की संख्या मे लोग सामिल होने आए थे। बारात, साण्डीरोड, चौराहा,सदरबाजार, पीपल चौराहा, बजरियां,इमामबाड़ा होते हुए रात को करीब एक बजे सुभाष पार्क पहुची। वही पर राम जी की आरती नीरज विद्यार्थी, कमेटी के महामंत्री रामसेवक यादव, अध्यक्ष प्रदीप यादव ,प्रबन्धक नीरज सिंह,संयोजक धर्मेन्द्र यादव,चेयरमैन अनिल राठौर,पूर्व चेयरमैन मालती रमन, राजा रमन गुप्ता,अतुल अग्रवाल, हरिश्चंद्र राठौर ने तिलक किया। उपाध्यक्ष विजय गुप्ता,अरुण गुप्ता,प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव,शिवम यादव,अमित विस्वास,मंचन प्रमुख परमाईलाल यादव,हरिनाम कुशवाहा,मेला प्रभारी बीपी सिंह,अभिषेक यादव,शानू खान,आईटी प्रमुख अंशुल,शैलेन्द्र सिंह,राजीव, मीडिया प्रभारी सैफ जाफरी, रिजवान अंसारी,फारुख कुरैशी, अनिल कटियार,शिवम कटियार,सहित तमाम लोग व्यवस्था देखते रहे।







### छत,छज्जे,सड़क गलियारे सभी खचाखच

बिलग्राम।राम बारात को देखने के लिए साम को ही ट्रैक्टर ट्रालियों से लोगो का पहुचना शुरू हो गया था। भव्य बारात को देखने के लिए लोगो जगह तलासते रहे जब जगह नही मिली तो छत,छज्जे और गलियारे सभी खचाखच भर गए। वही राम बारत के के साथ हजारो का हुजूज थिरक रहा था। सुरक्षा के ,सीओ सतेन्द्र सिंह, कोतवाल नरायन कुशवाहा,इंतजाम के लिए पुलिस व पीएसी लगाई गई।

### मुस्लिमों ने गाया मेरे मन मे बसे है राम

बिलग्राम। साल भर की तैयारियों को कस्बे के महाराजा बैण्ड व प्रेमी बैण्ड,और जिया बैंड ने पूरी ताकत झोंक दी।दोनों के लाजवाब लाइटिग,गीतों पर सब झूम उठे। मेरे मन मे बसे है राम गीत गए। तो बिलग्राम में तहजीब के मुताबिक मुस्लिम समुदाय के गीतकारों ने कोई कोर कसर नही छोड़ी।गीतो से सुनकर लोगों ने ईनाम भी दिए।रामपुर से आये कलाकार भी समा बांधते रहे।

### एक नजर मे बारात

शाम को सात बजे बारात ने किया प्रस्थान

18 झांकिया,8 रथ,दो बैण्ड हुए शामिल

कमेटी के साथ नगर मे गणमान्य लोग की रही अगुआई

सड़क,छतों व छज्जों, पर करीब 25 हजार से अधिक की भीड़

दूधिया लाइटिंग से सजा रहा पूरा कस्बा

जगह जगह पर तिलक, और फूल बरसते रहे

परियों,राधाकृष्ण की मूर्तियों पर लाइटिग रही बेमिशाल

सुरक्षा के लिए प्रशासन के साथ पुलिस का चप्पे चप्पे पर इंतजाम

भगवान के स्वरुप देख सभी हुए मं ा मुग्ध

रात को एक बजे हुए समापन।

## तेज रफ्तार कार ने युवक को मारी टक्कर, युवक की मौत

द अचीवर टाइम्स हिमांशु त्रिपाठी




हरदोई। शुक्रवार को पिहानी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मझिया रोड पर सड़क किनारे पेशाब कर रहे युवक को सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, चालक युवक को घसीटते हुए दस मीटर तक ले गया। मौके पर मौजूद लोगों ने कार का पीछा किया, लेकिन कार चालक फरार हो गया। कार चालक की पहचान शानू पुत्र नबी अहमद के रूप में हुई है।मृतक की मां ने कार चालक के विरुद्ध स्थानीय कोतवाली मे प्रार्थना पत्र दिया है।मिली जानकारी के अनुसार रामसेवक (38) पुत्र बब्लू निवासी छिपी टोला सड़क के किनारे पेशाब कर रहा था तभी पिहानी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एम जी हेक्टर कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद लोगो ने तत्काल युवक को सीएचसी पिहानी मे भर्ती कराया जहां युवक को जिला अस्पताल हरदोई रेफर कर दिया गया, जहां युवक ने दम तोड़ दिया।रामसेवक अपने मां का एकलौता चिराग था पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।युवक की मौत से मां का रो-रोकर बुरा हाल है।युवक के घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।रामसेवक ही घर में कमाने वाला था, उसकी मौत से मां का एकलौता सहारा भी उजड़ गया, वहीं कार चालक शानू खिलाफ लोगों में आक्रोश है।

**गरीबों को न्याय एवं पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना अधिकारी की जिम्मेदारी- एम.पी. सिंह**

## संपूर्ण समाधान दिवस में अवैध कब्जे की अधिक शिकायतें मिलने पर डीएम हुए नाराज, तहसीलदार को दिए निर्देश..

द अचीवर टाइम्स हिमांशु त्रिपाठी

हरदोई।सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील शाहाबाद के सभागार में डीएम मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में गरीबों के पट्टे की भूमि तथा चकरोड, खेल मैदान एवं तालाब आदि की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की सबसे अधिक शिकायतें प्राप्त होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदार को राजस्व एवं पुलिस विभाग के कर्मचारियों की संयुक्त टीम बनाकर गांव-गांव अभियान चलाकर सरकारी भूमि पर हुए अवैध कब्जों को एक सप्ताह में कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि गरीबों तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।



डीएम ने कहा कि गरीबों को न्याय एवं पात्रों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिलास्तरीय अधिकारी की जिम्मेदारी है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें।उन्होंने कानूगो तथा लेखपालों को निर्देश दिये कि जो चकरोड खाली करायें उनके चिन्हीकरण के लिए दोनों तरफ बल्लियां लगवायें और ग्राम प्रधान से समन्वय बनाकर चकरोड ऊँचा बनवायें, ताकि कोई दोबारा चकरोड पर कब्जा न कर सके।

### पेंशन संबंधी विभागों को निर्देश, जांच कराकर सभी पात्र लोगों की पेंशन बहाल कराएं– डीएम

विद्युत विभाग की शिकायतों के सम्बन्ध में डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के खराब ट्रांसफार्मरों को निर्धारित अवधि में बदलवायें और रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करायें। पेंशन संबंधी शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने पेंशन संबंधी विभागों को निर्देश दिये कि जिन निराश्रित, वृद्वावस्था तथा दिव्यांग पेंशनर्स की पेंशन किसी कारण बन्द हो गयी है, उनकी जांच कराकर पात्र लोगों की पेंशन बहाल कराएं और नये पेंशनर्स के प्राप्त आवेदनों की जांच कराकर उन्हें स्वीकृति के लिए विभाग को प्रेषित करें। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान में अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस, सम्पूर्ण समाधान तथा थाना समाधान दिवस आदि से प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें।इसके उपरान्त डीएम ने शाहाबाद में मौलागंज मोहल्ले में बाल्मीकी मंदिर की विवादित भूमि का निरीक्षण किया तथा तहसीदार एवं ईओ शाहाबाद को निर्देश दिये कि उक्त भूमि की पैमाईस करायें और उचित हो तो बाल्मीकी परिवारों एवं अन्य गरीबों के शादी समारोह आदि के लिए सामूहिक बारात घर का निर्माण करायें

## सूचना के आधार पर इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित अभिषेक डेरी में छापा मारकर कार्रवाई की गई ,



**परिसर में पांच ड्रम में 1000 लीटर सोरबिटोल दो ड्रम में 400 लीटर दूध बनाने हेतु मौके पर बरामद हुआ**

द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला

हरदोई । रात्रि में प्राप्त सूचना के आधार पर इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित अभिषेक डेरी में छापा मारकर कार्रवाई की गई ,परिसर में पांच ड्रम में 1000 लीटर सोरबिटोल दो ड्रम में 400 लीटर दूध बनाने हेतु अपमिश्रक के रूप में रिफाइंड ,पांच बोरी 100 किलोग्राम मिल्क पाउडर मौके पर बरामद हुआ तथा 17000 लीटर मिलावटी दूध भी बरामद हुआ जिसे खाद्य कारोबारकरता की उपस्थिति में एवं उसकी सहमत से मौके पर 17000 लीटर दूध नष्ट कराया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग रु 8,50,000 है तथा क्रमशः दो सैंपल मिश्रित दूध के ,एक सैंपल सरविटल का ,एक सैंपल रिफाइंड तेल का व एक सैंपल मिल्क पाउडर का संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है, जाच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।इस कार्यवाही के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड 2 सतीश कुमार ,खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिरुद्ध गंगवार रामकिशोर ,खुशीराम ,अजीत सिंह, व सुभाष मौर्य एवं स्थानीय पुलिस मौजूद रही

## विकसित भारत संकल्प यात्रा




**बछरावां ब्लॉक ग्राम सभा कुर्री**

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि में आने वाले बारी बारी आने वाली समस्याओं का निदान समाधान किया गया तथा उसके समक्ष जैविक खेती करने के बारे में अवगत कराया गया और कृषि विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया उसके साथ-साथ विभिन्न विभागों में की जानकारी दी गई ग्राम सभा कुर्री में सैकड़ो महिलाओं और पुरुषों ने तथा सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया विकसित भारत संकल्प यात्रा में नन्हे मुन्ने बच्चों ने गीत गाकर कार्यक्रम पेश किया ग्राम सभा कुरी मजरे रानीखेड़ा में सारे कार्यक्रम प्राइमरी पाठशाला में हुए वहां पर बछरावां चिकित्सा अधिकारी व ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक सुदौली और आशा बहू अध्यापक व अध्यापिका मौजूद रही ग्राम प्रधान की देखरेख में विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रोग्राम बड़ी धूमधाम से किया गया जहां ग्रामवासी अपनी अपनी समस्याएं लेकर अधिकारियों के समक्ष रखी प्रधानमंत्री आवास शौचालय के बारे में लोगों ने अपना अपना प्रार्थना पत्र दिया अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर उनका निस्तारण भी किया गया डॉ प्रमोद कुमार शर्मा पशु चिकित्सा अधिकारी बछरावां डॉक्टर शिव शरण शर्मा कृषि विभाग संदीप तिवारी बडौदा ग्रामीण बैंक ग्राम प्रधान विजय सिंह कुरी आदि लोग मौजूद थे

# एस आर इंस्टिट्यूट में एकेटीयू की दो दिवसीय स्पोर्ट फेस्ट का भव्य समापन पर छात्रों के खिले चहरे

**खेल के अनुशासन से शिक्षा में सफल बनाने में मद्दत मिलती है – पवन सिंह चौहान**

**द अचीवर टाइम्स। रजनीश कुमार**

बीकेटी लखनऊ। बक्शी का तालाब स्थित एस आर ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन में दिन शनिवार को डॉ अब्दुल कलाम टेक्निकल इंटर यूनिवर्सिटी स्पोर्ट फेस्ट 2023 के फाइनल प्रतियोगिता में एक हजार प्रतिस्पर्धी छात्रों ने लगभग प्रदेश के 7 जोन व दो विश्वविद्यालय क्रमश मदनमोहन मालवीय टेक्निकल विश्व विद्यालय गोरखपुर, एचबीटीयू यूनिवर्सिटी कानपुर से,75 संस्थाओं से विभिन्न खेलकूद में प्रतिभाग किया। जिसमें वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, कबड्डी, खो-खो, टेबल टेनिस, शतरंज, एथलेटिक्स 100, 200, 400, 800मी, 400मीटर रिले, आदि खेलों का आयोजन एस आर इंस्टीट्यूट स्टेडियम में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में के मुख्य अतिथि धर्मवीर प्रजापति मंत्री राज्य कारागार में छात्रों से संवाद करके उनको बताया की इस समय जो में जो युवक हैं उनमें अपराध करने की भावना जिस तरह से बढ़ रही है उसके कारण जेल में 70 % अपराधी 50 की उम्र से कम उम्र के हैं। जिससे यह पता लगता है ऐसी कोई व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिससे नवयुवकों में अपराध न करने की प्रवृत्ति जागृत हो और सभी को खेल में अनुशासन को अपने जीवन में उतरने के लिए उसके महत्व को समझाया। सभी छात्रों ने उनके वक्तव्य को बड़े ध्यान से सुना और भूरी भूरी प्रशंसा की। जिसमें डॉ० आरडी शर्मा वाइस प्रेसिडेंट रोइंग,फेडरेशन ऑफ इंडिया आई0डी शर्मा यूनिवर्सिटी कोलैबोरेशन, ए आर ए विनर, बीएस रावत इंटरनेशनल जूरी मेंबर रोइंग, देवेंद्र स्वरूप शुक्ला असिस्टेंट डायरेक्टर सेंट्रल एक्ससाइज, अखिलेश सिंह जूनियर इंटरनेशनल गोल्ड मेडल डाइविंग रोइंग, निशांत जयसवाल नेशनल प्लेयर






(ऑफिशियल) रोइंग , संदीप अरोड़ा (स्पेशल ऑफिसर आर एन ए एल ओ इंडिया रोइंग) मोहम्मद आजाद कोच इंडियन रोइंग टीम( चीन), मिस पल्लवी चौबे फर्स्ट पैरा रोइंग प्लेयर यूपी विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर ओपी सिंह,सुधीर शर्मा( वाइस प्रेसिडेंट यूपी रोइंग), डा0 मनोज कुमार एसोसिएट डीन ( एसडब्ल्यू ),खिलाड़ी इत्यादि उपस्थित थे जिसमें छात्रों को निम्नलिखित प्रतियोगिता में फाइनल में प्रतिस्पर्धा कराई गई।

फाइनल बास्केट बॉल( महिला ) प्रतियोगिता में गाजियाबाद (ऐ के जी ) 27 अंक और गोरखपुर (आई टी ?म )13 अंक हासिल किए। गाजियबाद को विजयी घोषित किया गया। फाइनल खो खो ( पुरुष ) प्रतियोगिता में जी एल बजाज गौतमबुद्ध नगर ने आर बी एस ई टी सी, आगरा 01 से जीत हासिल किए। आगरा को विजयी घोषित किया गया ।फाइनल खो खो ( महिला ) प्रतियोगिता में जी एल बजाज गौतमबुद्ध नगर ने (आई पी ई सी), गाजियाबाद 11 से जीत हासिल किए, को विजयी घोषित किया गया। आर बी एस इ टी सी:आगरा गोल्ड पुरुष 1, सिल्वर पुरुष 5 ,ब्रोंज पुरुष 2, महिला 1, एस आर ?म सी इ ?म, 122 सिल्वर पुरुष 1, ङकएळ स्वर्ण पुरुष 1, महिला 1 ,रजत पुरुष 1, महिला 1, कांस्य पुरुष 1, महिला 1, इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग, गाजियाबाद स्वर्ण महिला 3, रजत महिला 1, कांस्य महिला 1, ठकएळ, ग्रेटर नोएडा कांस्य पुरुष 1, महिला 1, एबीई सी, इंजीनियरिंग स्वर्ण पुरुष 1, महिला 1, रजत पुरुष 1, ङकळ वाराणसी, स्वर्ण पुरुष 2, स्वर्ण महिला 2,ॠठकडळ ग्रेटर नोएडा, गोल्ड महिला 2, सिल्वर महिला 3,ङकळढर मुरादाबाद स्वर्ण पुरुष 1, रजत पुरुष 1, महिला 1,रफकटळ 485, रजत महिला 1,ॠछु अखअख ग्रेटर नॉएडा गोल्ड पुरुष ३, महिला गोल्ड 1, सिल्वर पुरुष 1 महिला सिल्वर2, इइऊकळट रजत पुरुष 1, कांस्य महिला 1,ॠॠकएळ 187 गोल्ड पुरुष 1, सिल्वर पुरुष 1, उरट ढफअॠफअख कांस्य पुरुष 1,अखअ ङवटअफ ॠअफॠ एठॠकठएएफकठॠ गोल्ड पुरुष 1, गोल्ड महिला 1, सिल्वर महिला 1,ॠउएळ ग्रेटर नोएडा सिल्वर पुरुष 1 ,ॠएळ अॠफअ गोल्ड महिला 1,फअट- ऍीॅएळ ग्रेटर नोएडा गोल्ड पुरुष 1, खरर अळए नोएडा गोल्ड महिला 1, अरँङ्ग्ह्य श्१ंल्लं२ सिल्वर महिला 1, फं्न ङ४ें१ ॠङ्गील्ल कल्ल२३३४३ी ङ्ग ळ्रीूंल्लङ्गह्लङ्गॅ८ सिल्वर पुरुष 1, टटटवळ ॠङढ गोल्ड महिला 1, सिल्वर महिला 1, कांस्य पुरुष 1, कएळ गोल्ड पुरुष 1, कळट, जी आई दी ऐ सिल्वर महिला 1, कांस्य पुरुष 1,फएउ ट्रंल्लस्त्र४१ ाीस्त्रॅह्यं कांस्य महिला 1, एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा की खेल के अनुशासन से शिक्षा में सफल बनाने में मद्दत मिलती है ।आये हुआ सभी अतिथियों को एमएलसी पवन सिंह चैहान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## मतदाता पंजीकरण एवं जागरूकता कैंप का हुआ आयोजन

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**

हरदोई मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में स्वीप योजनांतर्गत पात्र एवं छूटे हुए दिव्यांग मतदाता हेतु विशेष पंजीकरण एवं जागरूकता कैंप का आयोजन जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी की उपस्थिति में शाहाबाद तहसील परिसर में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित दिव्यांगजनों को मतदाता पहचान पत्र की उपयोगिता, पंजीकरण कराने की विधि, आवश्यक अभिलेख आदि के विषय में जागरूक किए जाने के साथ साथ नवीन पंजीकरण एवं मार्किंग करवाई गई। परिसर में एक विशेष सेल्फी प्वाइंट भी बनवाया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वीप नोडल अधिकारी नन्द किशोर, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुश्री ऋचा गुप्ता, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार शाहबाद आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश पुलिस 112 नंबर की भूर भूर प्रशंसा

**पीआरवी 112 में दिखा जोश क्राइम होगा कम**

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

उत्तर प्रदेश पुलिस 112 पीआरवी गाड़ियों के द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपद में तैनात पुलिस कर्मियों के द्वारा पीड़ितों को तत्काल प्रभाव से सुरक्षा देने में हर समय तात्पर्य है।

राज्यव्यापी पुलिस आपातकालीन प्रबंधन प्रणाली यूपी-112 द्वारा को 24 घण्टों की अवधि में कुल 13,310 घटनाओं में तत्काल मौके पर पहुँचकर समुचित आपात सहायता उपलब्ध करायी गयी। जोकि पुलिस प्रशासन के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य करते नजर आ रहे हैं।

112 नंबर कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार घटनाओं में 88 प्रतिशत मामलें में मौके पर ही पीआरवी कर्मियों द्वारा समुचित निस्तारण कराया गया। 9 प्रतिशत मामले में थाने पर जाकर प्रकरण स्थानीय पुलिस को सौपा गया तथा 3 प्रतिशत मामले में घटना स्थल पर ही थाना पुलिस को बुलाकर प्रकरण सौपा दिया जा रहा है।

विभिन्न घटनाओं से सम्बन्धित कुल 1369 प्रकरणों में आरोपी व्यक्तियों को अग्रिम कार्यवाही हेतु स्थानीय पुलिस को हस्तगत किया गया। कुल 33 प्रकरणों में पीआरवी कर्मियों द्वारा घायल व्यक्तियों को अपने वाहन से निकट स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचाया गया। जिससे उन्हें समय से चिकित्सीय सहायता उपलब्ध हो सकी।

यूपी-112 द्वारा विभिन्न जनपदों मे किए गये कुछ जन-उपयोगी कार्यों का विवरण :-

(1) अपराध की रोकथामः

(धारदार हथियार से घायल व्यक्ति को संरक्षित कर पहुंचाया अस्पताल)

1. बरेली- पीआरवी 0148 को दिनांक 30/11/2023 को समय 03:40 बजे इवेंट 0784 पर थाना बारादरी अंतर्गत इनायतगंज बजरिया चौकी काकरटोला से कॉलर ने कुछ लडको द्वारा पुजारी के हत्या की सूचना दी। उक्त सूचना पर पीआरवी कर्मियों को तत्काल मौके पर पहुंचने पर ज्ञात हुआ कि कुछ लडको ने मन्दिर के पुजारी के हाथ पैर और कमर पर चाकू से हमला कर बक्से से 2200 रु चोरी करके भाग गये है। पीआरवी कर्मियो ने अविलम्ब घायल पुजारी को पीआरवी से जिला अस्पताल आई. सी. यू. मे भर्ती कराया और घटना से चौकी इन्चार्ज व थाना बारादरी को सूचित किया। पुजारी की हालत अब ठीक है। घायल पुजारी ने बताया कि उन्होने हमला करने वालो मे से एक व्यक्ति को पहचान लिया है। अग्रिम कार्यवाही थाने द्वारा की जा रही है।

2. बहराइच - पीआरवी 3353 को दिनांक 30/11/2023 को समय 17:10 बजे इवेंट 05767 पर थाना फखरपुर अंतर्गत से कॉलर रसूलपुर दरेहटा प्राइमरी स्कूल से मार पीट की सूचना मिली। प्राप्त सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची, जहाँ आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में लड़ाई-झगड़ा हुआ था, जिसमें तीन लोग घायल थे। पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घायलों को उपचार हेतु एम्बुलेंस की सहायता से सी०एच०सी० नानपारा भिजवाया गया तथा मौके पर शान्ति व्यवस्था कायम की गई। बहराइच- पीआरवी 1545 को दिनांक 30/11/2023 को समय 17:52 बजे इवेंट 06258 पर थाना नानपारा अंतर्गत इटहा चौराहा से कॉलर ने मार पीट की सूचना दी। प्राप्त सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची, जहाँ पर ज्ञात हुआ कि गाँव के ही एक मुस्लिम व्यक्ति नें अपनी जमीन मंदिर बनने हेतु दान की थी। उसी जमीन के बटवारे को लेकर सूचनाकर्ता व उसके भाई के मध्य लड़ाई-झगड़ा व मार- पीट हुई थी। मौके पर तीन व्यक्ति घायल थे। झगडे को शांत कराकर घायलों को एम्बुलेन्स की सहायता से सी०एच०सी० नानपारा उपचार हेतु भिजवाया गया।

(2) गिरफ़्तारीः

(चोरों को तलाश कर पकड़ा)

4. जौनपुर पीआरवी 2328 को दिनांक 30/11/2023 को समय 17:49 बजे इवेंट 6213 पर थाना सरपतहाँ अंतर्गत इशापुर से कॉलर ने चोरी की सूचना दी। उक्त सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची तो देखा कि कॉलर कालर आठ दिन पहले अपने परिवार के साथ शादी में गया था घर वापस आये तो पाया की घर में चोरी हो गयी है। पीआरवी कर्मियों द्वारा एक संदिग्ध लड़के से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि उसने अपने 03 साथियों के साथ मिलकर चोरी की है, चोरी हुआ कुछ सामान भी बरामद हुआ। अग्रिम कार्रवाई हेतु 04 आरोपियों को स्थानीय थाना के सुपुर्द किया गया है।

(3) जीवन रक्षाः

(सड़क दुर्घटना में घायलों को पहुँचाया अस्पताल)

5. मुरादाबाद - पीआरवी 0285 को दिनांक 30/11/2023 को समय 21:54 बजे इवेंट 9814 पर थाना भोजपुर अंतर्गत इस्लामनगर चौराहे से कॉलर ने एक्सीडेंट की सूचना दी। उक्त सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची, जहाँ एक ई- रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया था। चालक गंभीर रूप र घायल हो गया था। पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल व्यक्ति को अपने पीआरवं वाहन से नजदीकी अस्पताल मे ले जाकर भर्ती कराया गया तथा इसकी सूचना सम्बन्तित थाना

भोजपुर व घायलो के परिजनो को दी गयी।6. संतकबीर नगर - पीआरवी 3303 को दिनांक 30/11/2023 को समय 04:19 बजे इवेंट 0831 पर थाना खलीलाबाद अंतर्गत रैनापेपर मिल से कॉलर ने एक्सीडेंट की सूचना दी। उक्त सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची ट्रक अनियंत्रित होकर खड़ी ट्रक में जाकर टकरा गयी थी, जिसमें ट्रक चालक व परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घायलों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के सम्बन्ध में थाना खलीलाबाद एवं परिजनों को अवगत कराया गया।

7. चित्रकूट - पीआरवी 2038 को दिनांक 30/11/2023 को समय 21:28 बजे इवेंट 9471 पर थाना रेपुरा अंतर्गत बोडी पोखरी से एक्सीडेंट की सूचना मिली। उक्त सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची जहाँ एक लोडेड डम्फर अनियंत्रित होकर एक दूसरे डम्फर व ऑटो को टक्कर मारा दिया, जिसमें दूसरे डंफर के चालक एवं ऑटो में फंसे दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए डम्फर में फंसे चालक को जेसीबी से निकालकर एम्बुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल सोनेपुर में भर्ती कराया। पीआरवी कर्मियों द्वारा उक्त घटना की सूचना घायल के परिजनों एवं स्थानीय थाना को तत्काल दी गई।

8. देवरिया - पीआरवी 1461 को दिनांक 30/11/2023 को समय 18:16 बजे इवेंट 6533 पर थाना गौरीबाजार अंतर्गत मठिया से कॉलर ने एक्सीडेंट की सूचना दी। उक्त सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची । अपनी 03 वर्षीय बच्ची के साथ बाइक से जा रहा व्यक्ति अचानक डिवाइडर से टकराकर गिर गया था, जिससे व्यक्ति व बच्ची घायल हो गये थे। पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों को बिना समय गंवाये, पीआरवी से ही नजदीकी क्लीनिक ले जाकर दवा इलाज कराया गया। घटना के संबंध में परिजनों को जानकारी दी गयी। बच्ची को पीआरवी द्वारा स्थानीय थाने के माध्यम से उसकी माता को सुपुर्द किया गया।

9. बरेली पीआरवी 0199 को दिनांक 30/11/2023 को समय 01:51 बजे इवेंट 0534 पर थाना अनोला अंतर्गत माजरा दौलतपुर रामनगर से हत्या के प्रयास की सूचना पर पीआरवी तत्काल मौके पर पहुंची। पीआरवी को कॉलर ने बताया कि उनकी माता जी टॉयलेट करने गई थी, रात में दो अज्ञात उनकी गर्दन पर धारदार हथियार से हमला करके भाग गए, जिससे काफी चोट आई है। पीआरवी कर्मियों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एम्बुलेंस की मदद से घायल महिला को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीआरवी कर्मियों द्वारा उक्त घटना की सूचना तत्काल स्थानीय थाना को दी गई।

# हरसिंगार स्कूल में हुई विद्यार्थी प्रतिभा कार्यशाला

**विद्यार्थियों ने सीखी कबाड़ से जुगाड़ की विधि पर्यावरण व जल संरक्षण का लिया संकल्प**

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ। सामाजिक संस्था सोसायटी ऑफ कॅरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जनविकास महासभा के तत्वाधान में विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के अंतर्गत कुर्सी रोड स्थित हरसिंगार स्कूल में विद्यार्थी प्रतिभा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यषाला में विद्यार्थियों को पर्यावरण जल संरक्षण का संकल्प कराया गया तथा उन्हें कबाड़ को कम करने के लिए कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत वेस्ट मटेरियल से उपयोगी चीजे बनाने के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यशाला में सामाजिक संस्था सोक्ट के अध्यक्ष डॉ अगम दयाल ने बच्चों को कूड़ा कम करने के उपायों के बारे में बताया और सवाल से जुगाड़ के प्रति जागरूक किया इसके साथ-साथ जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज कुमार तिवारी ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण के बारे में संकल्प करवाया और आत्मनिर्भर भारत के महत्व शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता नशा मुक्त समाज के प्रति भी जागरूक किया कार्यशाला में स्कूल की प्रिंसिपल सुधा पांडे जनविकास महासभा के प्रदेश मंत्री अजय यादव संगठन मंत्री दिव्या शुक्ला सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# समाधान दिवस के आयोजन की औपचारिकता हुई पूर्ण

**(द अचीवर टाइम्स) नीरज शुक्ला**



रामनगर बाराबंकी। आज शनिवार तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे ने समूचे क्षेत्र से आई हुई जनता की फरियाद सुनी और तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। हा ये बात और है कि समाधान दिवस में तत्काल निस्तारण के आदेश दिए जाते है लेकिन महीनों बीत जाते है कोई सुनवाई नही होती है। फरियादी चक्कर काटते रहते है। यह बात तब पता चली जब संवाददाता ने फरियादियों से आमने सामने रूबरू हुआ। राजेन्द्र प्रशाद निवासी गोपालपुर, नन्हेलाल निवासी ददौरा, सुंदर लाल निवासी जफरपुर, जयकरन निवासी रोटी गांव आदि लोगों ने बताया कि हम कई समाधान दिवसों से आ रहे लेकिन हमारी समस्या को दूर करने में तहसील प्रशाशन असमर्थ है।

इस समाधान दिवस में कुल 142 शिकायत पत्र आये, जिसमे से राजस्व के 70 ,पुलिस के 28, विकास विभाग के 15, विद्युत के 1, पूर्ति विभाग के 16, समाज कल्याण के 5 प्रार्थना पत्र आये। जिनमें से मौके पर सिर्फ राजस्व के 4 व पुलिस विभाग का 1 इस तरह कुल 5 शिकायत पत्रों पर निस्तारण किया गया, बाकी शिकायत पत्रों पर एसडीएम ने जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

अब देखना यह है कि वास्तव में मौका मुआयना करके अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण किया जाता है या कार्यालय से बैठकर ही फर्जी तरीके से निस्तारण की रिपोर्ट लगा दी जाती है।

## दबंगों ने किया घर में लेते हुए व्यक्ति पर जान लेवा हमला मुकदमा दर्ज

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत रंजीत खेड़ा कनकहा में दबंगों ने घर में घुस कर किया जान लेवा हमला मुकदमा पंजीकृत। जानकारी के मुताबिक पीड़ित की बहन ने मोहनलालगंज थाने में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की ही कि मेरे भाई देवीशंकर पुत्र मैकूलाल घर पर रात्रि के समय आराम कर रहे थे तभी विपक्षी मघाई आपने साथियों के साथ जानलेवा हमला कर दिया। तथा विपक्षियों ने मोटरसाइकिल वा मोबाइल फोन भी उठा ले गए जिसके पश्चात पीड़ित देवी शंकर को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया ।जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक बताई है। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि प्रार्थना पत्र के अनुसार मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

## दिन निकलते ही ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



पिलखुवा में दिन निकलते ही ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेलवे पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह जी.एस अस्पताल के समीप रेलवे ट्रेक पर एक युवक की बॉडी पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त आकाश कश्यप पुत्र जयसिंह उम्र 20 वर्ष निवासी कसतला कासमाबाद कोतवाली पिलखुवा जनपद हापुड़ के रूप में की। बताया जाता है कि मृतक आकाश की मौत ट्रेन की चपेट में आकर हुई है। वही शिनाख्त के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी और युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बताया जाता है कि मृतक ड्यूटी करने के लिए जा रहा था। वही मृतक के परिजनों को जैसे ही सूचना मिली तो घर मे कोहराम मच गया।

# एसटीएफ टीम ने गाजियाबाद से तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश लखनऊ एसटीएफ टीम ने एक ग्रहों का पदार्फाश किया जोकी लंबे समय से फर्जी सॉफ्टवेयर व वेबसाइट बनाकर उत्तर प्रदेश सरकार के साथ ठगी का कार्य करते थे।

मास्टरमाइंड गाजियाबाद में बैठकर संपूर्ण भारत में 436 फ्रेंचाइजी अलग अलग जगहो पर बना रखे थे। भनक लगने पर एसटीएफ टीम गठित कर फर्जी सॉफ्टवेयर वेबसाइट बनाने वाले तीन अभियुक्त को पड़कर जेल भेजा गया।

एसटीएफ टीम द्वारा निरीक्षक संजय सिंह के नेतृत्व में टीम टीम गठित कर मुखबिर की सूचना पर गाजियाबाद में सक्रिय संगठित गिरोह के मास्टरमाइंड मोहम्मद साहिल सहित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में गिरोह के मास्टरमाइंड मो० साहिल ने बताया कि हम लोगों का एक संगठित गिरोह है जिसमें मो० जुबेर, मो० ईदू अन्सारी, मो० अरसद, अनीश अहमद, शहीम अंशारी, इंन्द्रेश यादव, मो० अफाक आलम, विवेक कुमार गुप्ता आदि है। हम लोग द्वारा सरकारी वेबसाइट ६६६.१२ङ्ग१ॅ.ङ्ग५.ल्ल जिससे प्रमाणित जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र बनते है से मिलती जुलती फर्जी व कूटरचित वेबसाइटों से प्रमाण पत्र बनाते हैं और संपूर्ण भारत में अलग-अलग जगह पर फ्रेंचाइजी दे रखी है। जिससे लोग आय, जात, निवास, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जन्म, मृत्यु, जीवन बीमा आदि प्रमाण पत्र को बनवाने के लिए तथा सरकारी लाभ उठाने के लिए इस वेबसाइट से ऑनलाइन किया जाता है।

मास्टरमाइंड के पास से 1 अदद प्रिन्टर, 1 अदद लेमिनेशन मशीन, 1 अदद लैपटाप, 2 अदद फिंगर / थम्ब स्कैनर, 1 अदद वेबकैम, 1 अदद पेटिएम साउन्ड बाक्स, 30 अदद कोटैक बैंक केवाईसी फार्म, 1 अदद सार्टिफिकेट बैंकिंग, 4 अदद मोबाइल फोन, 15 अदद जन्म / मृत्यु प्रमाणपत्र, 8 अदद फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर विभिन्न हास्पिटल, 7 अदद नगर पंचायत / नगर पालिका / नगर निगम के फर्जी डिजिटल हस्ताक्षर, नगद 1900 रुपये नकद पाया गया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त पर थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मु0अ0स0 683/2023 धारा 34/188/419/420/467/468/471/411 भा0द0वि0 व 66 सी व डी सूचना प्रोद्यौगिकी अधि० का अभियोग पंजीकृत कराकर दाखिल किया गया अग्रेतर विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

# स्थानीय पत्रकार के साथ धक्का मुक्की वा जान से मारने की धमकी

**द अचीवर टाइम्स प्रिंस पांडे**

सीतापुर के अंतर्गत थाना रामपुर कला की ग्राम पंचायत महिमापुर में स्थानीय पत्रकार के साथ धक्का मुक्की व अभद्र व्यवहार करने का मामला सामने आया है। जिसमें प्रतिदिन ग्राम वासियों के द्वारा प्रधान की लापरवाही की जानकारी मिल रही थी जिसकी जांच पड़ताल तथा पूछताछ करने पहुंचे स्थानीय पत्रकार पर ही धक्का मुक्की व जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी ग्राम पंचायत से भगा दिया। अपनी तानाशाही पूर्ण रवैया से पत्रकार पर ही मुकदमा लिखवाने की भी धमकी देने से बाज नहीं आए। एक चैनल के पत्रकार को जान से मारने की दी गई धमकी उनके चचेरे चाचा ने दिया जान से मारने की धमकी और विष्णु कुमार पांडे बोले आपके जैसे पत्रकार हमारे आगे पीछे घूमते हैं आपको मरवा के डलवा दूंगा और वहीं पर उनके बेटे अनिल कुमार पांडे ने कहा हमारे पास पावर बहुत है आपको जब कहो तब मरवा दूंगा और आपका पेपर फर्जी है और गंदी-गंदी गालियां पत्रकार प्रिंस पांडे को दी गई पीड़ित पत्रकार ने नजदीकी थाना रामपुर कला में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की लगाई गुहार और हमारे पेपर थे अचीवर टाइम्स हिंदी दैनिक समाचार पत्र को बदनाम किया जा रहा है और फर्जी बोला जा रहा है और यह भी कहा कि आप कहीं गए आप पर फर्जी मुकदमा लिखा दुगा क्या पत्रकार को न्याय मिल पाएगी कि आए दिन गाली देते है अब या देखना है की कोई कारवाई हो पाएगी और आई दिन परेशान करते हैं और उसके काम करने में बाधा डालते है। पत्रकार मानसिक तनाव में चल रहा और जान माल का भी भय सता रहा है। पत्रकार ने बताया की इन दोनों में अगर मेरे साथ कोई दुर्घटना होती है तो उसका जिम्मेदार उनके परिवार का ही होगा।

## चिंतन

# मुख्यमंत्री-राज्यपाल के टकराव देश हित में नहीं

देश में राज्यपालों और राज्य सरकारों का टकराव खत्म होना तो दूर हर दिन बढ़ता जा रहा है। 1959 में केरल में कम्युनिस्ट नेतृत्व वाली ईएमएस नंबूदरीपाद सरकार को बर्खास्त करने से शुरू हुआ यह घमासान 21वीं सदी तक गंभीर रूप ले चुका है। देश के तकरीबन हर उसे राज्य में जहां केंद्र के विपक्ष की सरकार होती है के साथ राज्यपाल का टकराव होना सामान्य सा विषय बन गया है। कभी राज्यपाल के बयान तो कभी फैसले राजनीतिक टकराव के कारण बन रहे हैं। राज्यपाल को संवैधानिक दर्जा हासिल है और उनके दायित्व और अधिकार क्षेत्र भी निर्धारित हैं, लेकिन अक्सर ऐसे मामले आते रहे हैं, जिनमें किसी राज्यपाल के बयान से बेवजह का विवाद पैदा हो गया और इस पद से जुड़े अधिकारों की सीमा पर सवाल उठे। यह तो साफ है कि केंद्र में जिस भी पार्टी की सरकार होती है, उसी की विचारधारा से प्रभावित व्यक्ति को ही राज्यपाल बनाया जाता है। जब केंद्र और राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होती है, तब तो मुख्यमंत्री और राज्यपाल के संबंध अच्छे रहते हैं। दोनों के बीच कोई खास दिक्कत नहीं होती, लेकिन जब राज्य में विपक्षी दल की सरकार होती है तो मुख्यमंत्री और राज्यपाल के मध्य कुछ फैसलों को लेकर टकराव पैदा हो जाता है। टकराव की मुख्य वजह होती है राजनीति से प्रेरित होकर फैसले लेना। चूंकि राज्यपाल केंद्र का प्रतिनिधित्व करता है, अतः वह केंद्र के प्रति जवाबदेह होता है और केंद्र द्वारा जारी नीतियों को लागू करवाना उसका कर्तव्य होता है और मुख्यमंत्री जनता व अपनी पार्टी से भी बंधा होता है। यहीं समन्वय बैठाने की जरूरत होती है। इसमें दो राय नहीं कि राज्यपाल के रूप में राज्य की हर गतिविधि के बारे में केंद्र को अवगत करवाते रहना राज्यपाल की जिम्मेदारी है। यह स्वाभाविक है कि जिम्मेदारी निभाएंगे तो उनके फैसलों के बारे में विवाद भी उठेगा। उचित अनुचित का सवाल भी होगा, पर बार-बार विवाद होना लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। ताजा विवाद पंजाब, तमिलनाडु, प.बंगाल से जुड़ा है। पंजाब और तमिलनाडू के राज्यपाल ने राज्य सरकार द्वारा पारित कुछ बिल को मंजूरी देने में देरी कर दी और राज्य सरकारें सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी गंभीर टिप्पणी करते हुए तमिलनाडु के राज्यपाल को मुख्यमंत्री से मिलने की सलाह दी। असल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री दोनों ही मजबूत लोकतंत्र के उत्तरदायी आधार स्तंभ हैं। इन दोनों पदों पर बैठे व्यक्तियों का दायित्व है कि वह दलगत राजनीति के दलदल से बाहर निकलकर ही कार्य करें। दलगत राजनीति वाली सोच ऐसे टकराव को जन्म देती है और भविष्य में भी देती रहेगी। यह किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के लिए ठीक बात नहीं है। ऐसे दलगत विचारों की बजाय न्यायपूर्ण और संवैधानिक निर्णय के आधार पर चलकर ही इन पदों की गरिमा बचाई जा सकती है। राज्यपाल के अधिकार को लेकर संविधान में कई बातें स्पष्ट नहीं हैं और अभी तक परंपरा में कोई सर्वमान्य मॉडल भी नहीं बन पाया है। ऐसे में राज्यपाल के सामने यह स्पष्ट नहीं रहता कि वह अपने विवेक के दायरे को कहां तक रखे। राजनीतिक दलों के सामने भी यह साफ नहीं है। तो क्या राज्यपाल को एक फेसलेस सिस्टम की तरह काम करना चाहिए या उससे आगे बढ़कर कुछ होना चाहिए? यह बहस अभी चलेगी और चलनी भी चाहिए। मुख्यमंत्री और राज्यपाल के मध्य पैदा हो रहे टकराव को रोकने का सबसे बेहतर तरीका यही है कि राज्यों में राज्यपाल के पद पर किसी ऐसे व्यक्ति को ही नियुक्त किया जाए जो किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ न हो और न ही किसी राजनीतिक विचारधारा से प्रभावित हो। राज्यपाल का पद ऐसे लोगों को सौंपा जाना चाहिए जो या तो वरिष्ठ न्यायाधीश रहे हों अथवा वरिष्ठ नौकरशाह या समाजसेवी, लेकिन इनकी नियुक्ति में भी शर्त यही होनी चाहिए कि उनकी छवि बेदाग और गैर-विवादित रही हो। तभी ऐसे टकराव से मुक्ति पा जा सकेगी।

## प्रदूषण नियंत्रण दिवस

रोहित कौशिक



# भाषणों से कम नहीं होगा प्रदूषण

यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि तमाम कोशिशों के बावजूद प्रदूषण मे कमी नही आ रही है। हमारे देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में प्रदूषण कम करने और पर्यावरण के संरक्षण को लेकर चिंता जताई जा रही है। इस दृष्टि से दुबई में आयोजित हो रहा कॉप-28 सम्मेलन महत्वपूर्ण है। हालांकि इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का लाभ तभी होगा जब पर्यावरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कोई कारगर पहल होगी। यह विडंबना ही है कि विकसित देश अपना कार्बन उत्सर्जन अपेक्षा के अनुरूप कम नहीं कर पा रहे हैं। स्वार्थ के चलते दुनिया के कई अमीर देश इस दिशा में तेजी से कदम नहीं उठाते हैं। इस कारण प्रदूषण की स्थिति में भी उतना सुधार नहीं होता है, जितना होना चाहिए। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण विशेषज्ञ डेविड बोयड ने भी अपने एक वक्तव्य में कहा था कि करीब छह अरब लोग नियमित रूप से घातक प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं, जिससे उनका जीवन और स्वास्थ्य जोखिम में घिरा है। इसके बावजूद इस महामारी पर बहुत कम ध्यान दिया जा रहा है। डेविड बोयड के अनुसार हर घंटे 800 लोग मर रहे हैं, जिनमें से अनेक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं झेलने के कई वर्षों बाद मर रहे हैं। कैंसर, सांस की बीमारियां और दिल के रोगों में प्रदूषित हवा के कारण लगातार वृद्धि हो रही है। एक अनुमान के अनुसार घर के अन्दर और बाहर होने वाले वायु प्रदूषण के कारण हर साल करीब 70 लाख लोगों की मौत समय से पहले हो जाती है, जिनमें छह लाख बच्चे भी शामिल हैं। हमारे देश में निर्माण गतिविधियों, औद्योगिक प्रदूषण, पराली जलाने की प्रक्रिया, जीवाश्म इंधन तथा वाहनों के निकलने वाले धुएं के कारण वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। पिछले दिनों एक अध्ययन में बताया गया था कि वायु प्रदूषण टाइप-2 मधुमेह को भी बढ़ा रहा है। पीएम-2.5 टाइप-2 मधुमेह के मामलों और मृत्यु को बढ़ाता है। पीएम-2.5 को उच्च रक्तचाप के लिए भी जिम्मेदार माना गया है। पिछले दिनों विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगातार वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण प्रदूषण और सांस संबंधी बीमारियां पनप रही हैं। यह कटु सत्य है कि वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण वाहनों से निकलने वाला जहरीला धुआं है। वायु प्रदूषण पर इस तरह के अध्ययन न केवल वाहनों के माध्यम से होने वाले वायु प्रदूषण पर हमारी आंखें खोलते हैं, बल्कि जरूरत से ज्यादा ऐशो-आराम की जिंदगी जीने की लालसा पर भी प्रश्नचिह्न लगाते हैं। वाहनों से निकलने वाले धुएं में कार्बनमोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन के ऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन तथा सस्पेन्डेड पर्टिकुलेट मैटर जैसे खतरनाक तत्व एवं गैसें होती हैं जो स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हानिकारक हैं। कार्बनमोनोऑक्साइड जब शरीर के अन्दर पहुंचता है तो वहां हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर कार्बोक्सीहीमोग्लोबिन तत्व बनाता है। इस कारण शरीर में आक्सीजन का परिवहन सुचारू नहीं हो पाता है। नाइट्रोजनमोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजनडाइऑक्साइड भी कम खतरनाक नहीं हैं। नाइट्रोजनमानोऑक्साइड, कार्बनमोनोऑक्साइड की तरह ही हीमोग्लोबिन के साथ मिलकर शरीर में आक्सीजन की मात्रा घटाता है। दरअसल पुराने जमाने में लोग बैलगाड़ियों से सफर किया करते थे। नब्बे के दशक में आर्थिक उदारीकरण की आंधी ने भारत के मध्यमवर्गीय परिवारों को कार खरीदने का स्वप्न दिखाया। एक जमाना था जब किसी गांव में स्कूटर और मोटरसाइकिल पहुंचने पर लोग अचरज भरी नजरों से देखते थे। आज समृद्ध गांवों की स्थिति यह है कि हर तीसरे-चौथे घर में एक कार मौजूद है। निश्चित रूप से यह विकास सुखद है लेकिन जब यह विकास विनाश को दावत देता है तो यह विकास ही दुखद हो जाता है। दरअसल इस दौर में हमने वाहनों को सुविधा से ज्यादा समस्या बना लिया है। यही कारण है कि तेजी से बढ़ते वाहन हमारे लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं। हालांकि सड़कों पर वाहनों का दबाव कम करने के लिए बार-बार कार-पूल की सलाह दी जाती है। यानी एक जगह से आने-जाने वाले दो या अधिक लोगों को एक ही गाड़ी का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन झूठी प्रतिष्ठा के लिए इस सलाह को भी दरकिनार कर दिया जाता है। प्रदूषण पर लगातार हो रहे अध्ययन हमें चेतने का संदेश देते रहे हैं। हमें समझना होगा कि सिर्फ भाषणों से प्रदूषण कम नहीं होगा। अगर हम अब भी नहीं चेतते हैं तो यह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



## विश्लेषण

प्रमोद भार्गव

# एग्जिट पोलः जितने मुंह, उतनी बातें

**वास्तविक नतीजे तो 3 दिसंबर को आएंगे, उससे पहले सामने आए इन अनुमानों ने मतदाता की नब्ज टटोलने की कोशिश की है, लेकिन इस बार एग्जिट पोलों में जो भिन्नता व दुविधा दिखाई दे रही है, उससे लगता है कि मतदाता की मंशा टटोलने वाली सर्वे एजेंसियों की सर्वेक्षण प्रणालियां वैज्ञानिक नहीं हैं। अब कई सर्वे एजेंसियां क्षेत्रीय पत्रकारों से फोन पर बात करके नतीजों का अनुमान का तरीका अपना रहे हैं। जो वैज्ञानिक प्रणाली को नकारता है। दरअसल क्षेत्रीय पत्रकार किसी दल या प्रत्याशी से प्रभावित रहते हैं और उसी प्रभाव के चलते वे अपनी राय व्यक्त कर देते हैं, इसीलिए एग्जिट पोल के अनुमानों को जितने मुंह, उतनी बातें कहा जा रहा है।**

अगले वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के सेमीफाइनल माने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के एग्जिट पोल, मसलन वास्तविक अनुमान कहीं बदलाव तो कहीं बराबर की टक्कर जता रहे हैं। वास्तविक नतीजे तो 3 दिसंबर को आएंगे, उससे पहले सामने आए इन अनुमानों ने मतदाता की नब्ज टटोलने की कोशिश की है, लेकिन इस बार एग्जिट पोलों में जो भिन्नता व दुविधा दिखाई दे रही है, उससे लगता है कि मतदाता की मंशा टटोलने वाली सर्वे एजेंसियों की सर्वेक्षण प्रणालियां वैज्ञानिक नहीं हैं। क्योंकि मध्यप्रदेश से जुड़े जो आठ सर्वे खबरिया चैनलों में प्रसारित हुए हैं, उनमें से सात भाजपा को और एक एबीपी-सी वोटर कांग्रेस को बहुमत दे रहे हैं। भाजपा सत्ता में आती है तो इसका जीत का श्रेय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और चुनाव के ठीक पहले लाई गई 'लाडली बहना योजना' को दिया जाएगा। जिन सात सांसदों को विधानसभा चुनाव लड़ाया गया था, वे खुद अपनी जीत की उधेड़बुन में लगे रहे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर-चंबल अंचल में कोई करिश्मा दिखा पाएंगे, ऐसा मतदाता के रुख से फिलहाल नहीं लग रहा।

राजस्थान के आठ सर्वे में से पांच भाजपा और तीन कांग्रेस के पक्ष में हैं। छत्तीसगढ़ में आठ में से आठ सर्वे कांग्रेस को फिर से सत्ता में आते दिखा रहे हैं। तेलंगाना में छह सर्वे में से पांच सर्वे कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत दे रहे हैं। दूसरे नंबर पर यहां मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारतीय राष्ट्र समिति है। भाजपा को पांच से लेकर 13 सीटों पर ही संतोष करना पड़ेगा। साफ है, कर्नाटक के बाद कांग्रेस तेलंगाना में भी सत्तारूढ़ होती दिख रही है। यहां के चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस अधिकांश एक्जिट पोल में कांग्रेस से चुनाव हारती हुई नजर आ रही है। ध्यान रहें, तेलंगाना में कुछ ही महीने पहले कांग्रेस चुनावी संग्राम में उतरी थी। इसके बावजूद वह बढ़त में है तो इसका प्रमुख कारण सत्ता विरोधी रुझान है। यहां कांग्रेस को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा भी लाभ पहुंचाती दिख रही है। भाजपा का तेलंगाना में बुरी तरह से पिछड़ना इस बात का संकेत है कि दक्षिण भारत में न तो राम मंदिर और धारा-370 जैसे मुद्दे काम आए और न ही नरेंद्र मोदी और अमित शाह का जादू चला। मिजोरम में राष्ट्रीय पार्टियां आती नहीं दिख रही हैं। यहां त्रिशंकु सरकार बनती दिखाई दे रही है। मिजोरम में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में 14 से 18 सीटों की जीत के साथ एमएनएफ उभरती दिख रही है। उसका सीधा मुकाबला जेडपीएम से है। इस क्षेत्रीय दल को 12 से 16 सीटें मिल सकती हैं। कांग्रेस को 8 से 10 और भाजपा को दो सीटें मिलने के अनुमान लगाए गए हैं। साफ है, एग्जिट पोल करने वाली सर्वे एजेंसियों में इतना झोल और विरोधाभास है कि ये सर्वे भरोसे के नहीं लग रहे हैं, इसीलिए इन सर्वेक्षणों को 'जितने मुंह, उतनी बातें' कहा जा रहा है। वैसे भी ये अनुमान संयोग से ही सटीक बैठते हैं। ओपिनियन पोल, मसलन जनमत सर्वेक्षण जहां मतदान पूर्व मतदाता की मंशा टटोलने की कोशिश हैं, वहीं एग्जिट पोल, अर्थात सटीक सर्वेक्षण, मतदान पश्चात, मतदाता का निर्णय जानने की कोशिश हैं।



ओपिनियन पोल शुल्क चुकाकर प्रायोजित ढंग से कराए जा सकते हैं, इसलिए क्योंकि इनके प्रकाशित व प्रसारित होने के बाद मतदाता के रुख को प्रभावित किया जा सकता है, किंतु एग्जिट पोल मतदान पूरा हो चुकने के बाद, महज वास्तविक परिणाम के पूर्व अनुमान हैं। इसलिए कोई राजनीतिक दल इन्हें अपनी इच्छानुसार कराने में रुचि नहीं लेता। मतदान के बड़े प्रतिशत को अब तक सत्तारूढ़ दल के खिलाफ व्यक्गित असंतुष्टि और व्यापक असंतोष के रूप में देखा जाता था, लेकिन मतदाता में आई बड़ी जागरूकता ने परिदृश्य को बदला है, इसलिए इसे केवल नकारात्मकता की तराजू पर तौलना बड़ी भूल होगी। इसे सकारात्मक दृष्टि से देखने की भी जरूरत है। मध्यप्रदेश में महिलाओं का बढ़ा प्रतिशत भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है।


मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा इस बार चुनाव के दो माह पहले तक मुश्किल में दिखाई दे रही थी, लेकिन अब लाडली बहना उसे वैतरणी पार कराती दिखाई दे रही है, जबकि 2013 में शिवराज अपने बूते 200 विधानसभा सीटों में से 165 सीटें जीतने में सफल हो गए थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया के हाथ चुनाव की कमान होने के बावजूद कांग्रेस महज 58 सीटों पर सिमटकर रह गई थी। मतदान के बड़े प्रतिशत के बावजूद मददाता को मौन माना जा रहा है, लेकिन मतदाता मौन कतई नहीं है। मौन होता तो चैनल एग्जिट पोल के लिए कैसे सर्वे कर पाते? हां,उसने खुलकर राज्य सरकार को न तो अच्छा कहा और न ही उसके कामकाज के प्रति मुखरता से नाराजगी जताई। मतदाता की यह मानसिकता उसके परिपक्व होने का पर्याय है।

पारंपरिक नजरिये से मतदान में बड़ी रुचि को सामान्यतः एंटी इनकमबेंसी का संकेत, मसलन मौजूदा सरकार के विपरीत चली लहर माना जाता है। इसे प्रमाणित करने के लिए 1971, 1977 और 1980 के आम चुनाव में हुए ज्यादा मतदान के उदाहरण दिए जाते है, लेकिन यह धारणा पिछले कुछ चुनावों में बदली है। 2018 में छोड़ 2013, 2008 और 2003 में बड़े मतदान का लाभ सत्तारूढ़ होते हुए भी मध्यप्रदेश में भाजपा को मिलता रहा है। 2010 के चुनाव में बिहार में मतदान प्रतिशत बढ़कर 52 हो गया था, लेकिन नीतीश कुमार की ही वापसी हुई। जबकि पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक मतदान 84 फीसदी हुआ और मतदाताओं ने 34 साल पुरानी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की बुद्धदेव भट्टाचार्य की सरकार को परास्त कर,ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को जीत दिलाई थी।

जब मतदान 75 से 85 प्रतिशत होने लग जाएगा तो किसी धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्र विशेष से जुड़े मतदाताओं की अहमियत खत्म हो जाएगी। नतीजतन उनका संख्याबल जीत या हार की गारंटी नहीं रह जाएगा। लिहाजा सांप्रदायिक व जातीय आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति नगण्य हो जाएगी। यह स्थिति मतदाता को धन व शराब के लालच से मुक्त कर देगी। क्योंकि कोई प्रत्याशी छोटे मतदाता समूहों को तो लालच का चुग्गा डालकर बरगला सकता है, लेकिन संख्यात्मक दृष्टि से बड़े समूहों को लुभाना मुश्किल होगा। जाहिर है, ऐसे हालात भविष्य में निर्मित होते हैं तो भारतीय राजनीति संविधान के उस सिद्धांत का पालन करने को मजबूर होगी, जो समाजिक न्याय और समान अवसर की वकालत करता है। बड़ा मतदान प्रतिशत ही ऐसा प्रमुख कारण हैं, जिसके चलते एग्जिट पोल इकतरफा नहीं रह गए हैं। अब कई सर्वे एजेंसियां क्षेत्रीय पत्रकारों से फोन पर बात करके नतीजों का अनुमान लगाने का तरीका अपना रहे हैं। जो सर्वे की वैज्ञानिक प्रणाली को नकारता है। दरअसल क्षेत्रीय पत्रकार किसी दल या प्रत्याशी से प्रभावित रहते हैं और उसी प्रभाव के चलते वे अपनी राय व्यक्त कर देते हैं, इसीलिए इस बार एग्जिट पोल के अनुमानों को जितने मुंह, उतनी बातें कहा जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# पूर्ण हृदय से किया गया प्रयास विफल नहीं होता



संकलित

## दर्शन

ईश्वर का साक्षात्कार करना जितना आसान है, उतना ही यह कठिन भी है। इसके लिए अत्यधिक प्रयास करने के साथ-साथ, ईश्वर की कृपा का होना भी आवश्यक है। सांसारिक अभिलाषाओं से दूर रहते हुए, प्रभु के प्रति विश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ पूर्ण हृदय से प्रयास करने वाला भक्त कभी असफल नहीं होता। श्वर साक्षात्कार केवल योगी के अत्यधिक प्रयास और ईश्वर की कृपा से प्राप्त होता है। यद्यपि ईश्वर तक नियम का पालन करने से भी पहुंचा जा सकता है। तथापि, हृदयों का अन्वेषक होने के कारण वे अपनी कृपा प्रदान करने से पहले आश्वस्त हो जाना चाहते हैं कि भक्त वास्तव में उन्हें चाहता है। जो संपूर्ण हृदय से उन्हें नहीं चाहता है। उस भक्त को प्रभु अंतिम प्रबोधन नहीं देते, चाहे वह योग के विज्ञान में कितना भी निपुण हो। ईश्वर को प्रसन्न करना एकदम बहुत आसान एवं बहुत कठिन है। परीक्षणों की घड़ी में भी वे अपने भक्तों के साथ क्रीड़ा कर रहे होते हैं, और वे उनकी हर समय परीक्षा लेते हैं। मूर्खता में पूरे दिन को गंवा देना कितना आसान है, और उपयोगी कार्यों एवं विचारों से दिन को भरना कितना कठिन है! फिर भी ईश्वर की इसमें कोई विशेष रुचि नहीं है कि हम क्या कर रहे हैं, जितनी इसमें है कि हमारा मन कहां है। प्रत्येक व्यक्ति की कठिनाई भिन्न है, परंतु ईश्वर कोई भी बहाना नहीं सुनते। वे चाहते हैं कि भक्त का मन किसी भी प्रकार की कष्टप्रद परिस्थितियों के होते हुए भी, उनमें तल्लीन रहे।

# जो होता है अच्छे के लिए होता है



संकलित

## प्रेरणा

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन्! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है।/" राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। इधर, राजा थोड़ा आगे बढ़े ही थे कि उन्हें जंगल में नरभक्षी कबीले के लोगों ने घेर लिया। वे उन्हें पकड़कर अपने सरदार के पास ले चले। राजा को बलि देने की तैयारी हो ही रही थी कि कबीले के पुजारी ने राजा की कटी उंगली देखकर कहा कि /"इसका तो अंग भंग है, इसकी बलि स्वीकार नहीं हो सकती। राजा को जीवनदान मिला तो उन्हें तुरंत मंत्री की याद आई। सोचने लगे कि मंत्री ठीक कहते थे - भगवान जो करता है, अच्छे के लिए ही करता है। मुझे उनका साथ नहीं छोड़ना चाहिए था। ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ?

## टिपिटका जप समारोह



बोध गया में शुक्रवार को 18वें अंतर्राष्ट्रीय टिपिटका जप समारोह के लिए महाबोधि मंदिर को सजाते श्रद्धालुगण

## आज की पाती

### रात में सुरक्षा व्यवस्था

राजधानी में रात की सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे रहती है। रात 12 बजे के बाद सड़कों पर पुलिस नदारद रहती है। ऐसे में अपराधिक तत्वों के हौसले बुलंद हो जाते हैं। रात में अचानक कोई काम से निकल जाए, जो वह भयभीत रहता है। पहले चौक-चौराहों पर पुलिस नजर आ जाती थी। अब न पुलिस दिखते हैं और न ही पुलिस की गाड़ियां। राजधानी में जितनी तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए, वह कहीं नजर नहीं आती। सुरक्षा अब वीआईपी तक ही सीमित रह गई है।

- राजेंद्र कुमार, रायपुर

## ट्रेंड

### पुनीता की बड़ी उपलब्धि



सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज से शिक्षा प्राप्त करने वाली बहुत सी महिलाओं ने सेना चिकित्सा क्षेत्र में अहम योगदान दिया है और सेना में उच्च पदों को सुशोभित किया है। मुझे ज्ञात हुआ है कि पुनीता अरोड़ा देश की सेना में पहली महिला ले. जनरल बनीं।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### मिट्टी परम एकीकरणकर्ता



इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन हैं। हम सभी एक ही मिट्टी से आते हैं और जब हम मरेंगे, तो हम उसी मिट्टी में वापस जाएंगे। मिट्टी परम एकीकरणकर्ता है! मिट्टी के पुनरुद्धार नीतियों को लागू करने के लिए नेता अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आपका सहयोग जीवनसाथी के काम में बहुत मदद करेगा। आज रोजगार सम्बन्धी कोई खुशखबरी मिल सकती है। आज आपको काम में एक्स्ट्रा मेहनत करनी पड़ सकती है। आज किसी व्यक्ति से आपकी दोस्ती होगी। आप अपने सरल स्वभाव के कारण लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपके माता:पिता आपके कार्यों में सहयोग करेंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज घर में नन्हें मेहमान के आने का योग बना हुआ है। आपका घर खुशियों से भर जायेगा। आज सामने आई चुनौती का डट कर सामना करने में सफल होंगे। इस राशि के जो लोग अभी-अभी नये काम की शुरूआत किये हैं उनको अपने काम पर ध्यान देनें की जरूरत है।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए ठीकःठाक रहने वाला है। आज अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे तो आपका काम आसनी से पूरा हो जायेगा। आपके द्वारा की गयी सामजिक कार्यों से लोगों प्रभावित होंगे। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा, किसी नए प्रोजेक्ट पर काम मिलेगा, जिसे पूरी लगन व मेहनत से पूरा करेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपको आज किसी अच्छी कंपनी द्वारा जॉब का ऑफर मिलेगा। आज आपको बिजनेस से रिलेटेड यात्रा करनी पड़ सकती है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। इस राशि के जिन लोगों का बर्थडे है वह अपने साथियों के साथ मूवी देखने का प्लान बनायेंगे।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। अभी तक आप जिस बात से परेशान थे, आज आपको उससे छुटकारा मिल जायेगा। आज अपनी समस्या किसी व्यक्ति के सामने सोच-समझकर शेयर करें। पेरेंट्स बच्चों के साथ किसी शॉपिंग मॉल में घूमने जायेंगे, जिससे बच्चों में उत्साह देखने को मिलेगा। छात्र आज अपनी पढाई पर पूरा फोकस करेंगे।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज किसी विशेष परिस्थिति में आपके सही निर्णय लेने की क्षमता से आपको हल मिल जाएगा। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे है तो आज का दिन अच्छा है। परिवार में चल रही अनबन से आज छुटकारा मिलेगा फिर से लोगों में तालमेल बन जायेगा। समाज में आपकी पहचान नए लोगों से होगी जिनसे भविष्य में आपको कुछ लाभ भी हो सकता है। आज कार्यस्थल पर किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को मिलेगा, जिसे पूरा करने के लिए आप उत्साहित रहेंगे।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपका संपर्क किसी प्रभावशाली व्यक्ति से होगा, जिससे मिलकर आप कुछ नया सीखेंगे और अपने जीवन में फॉलो करेंगे। बेकार में समय न नुकसान करें। कुछ न कुछ काम करते रहें। साथ ही साथ जहां तक संभव हो दूसरों की सहायता भी करें। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, पकी तारीफ भी करेंगे।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप दिन भर कई छोटे-मोटे कामों को करने में व्यस्त रहेंगे। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए अनुभवी लोगों की सलाह मानना आपके लिए अच्छा रहेगा। आज भागदौड़ वाला काम होने से आपको थकावट महसूस होगी, लेकिन शाम तक सब ठीक हो जायेगा। आपके अच्छे व्यवहार के जरिये आपके कुछ नए दोस्त भी बन सकते हैं। महिलाएं आज घर के काम में बिजी रहेंगी। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा करने में सफल होंगे। नया वाहन लेने के लिए जीवनसाथी से सलाह लेंगे।

धनु राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप माता के साथ उनके किसी मनपसंद जगह पर घूमने जायेंगे। आज आपको नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रहने की जरूरत है। आज कोई आपके खिलाफ षड्यंत्र बना सकता है, आस पास के गतिविधियों पर नजर रखें। आज दोस्त आपका मनोबल बढ़ाएंगे। आज सोची हुई कार्य योजनाओं को पूरा करने मे सफलता मिलेगी। जमीन जायदाद से जुड़े कार्य तेजी से आगे बढ़ेंगे। इस राशि के छात्र को अपनी स्टडी के प्रति लापरवाही करने से बचना चाहिए।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके जो भी काम है उनको करने में देरी नहीं करेंगे तो आपका काम बिना रूकावट के पूरा हो जायेगा। इस राशि के सिंगर्स का कोई गाना आज ज्यादा से ज्यादा लोगों को पसंद आएगा। क्रिकेट से जुड़ी महिलाओं के लिए आज नयी उंचाईयों तक ले जाने वाला साबित होगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में खुशी का माहौल रहेगा। आप किसी बात को लेकर मन ही मन खुश रहेंगे। आपके अच्छे विचार लोगों को काफी पसंद आयेंगे लोग आपकी बातों को अहमियत देंगे। योग करें जिससे आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग फिल्म जगत से जुड़े हैं उनको कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ज्यादा काम के कारण आपकी व्यस्तता बनी रहेगी। लेकिन आप कुछ समय निकालकर घर के बड़े-बुजुर्गों के साथ समय बिताएंगे और कुछ पुरानी यादों को ताजा करेंगे। आज आप अपने सहकर्मियों के कार्यों को पूरा करने में सहयोग करेंगे। हेल्थ से रिलेटेड प्रोब्लम्स आज खत्म होंगीं, जिससे आप ज्यादा एनर्जेटिक रहेंगे और आपका मन खुश रहेगा।

# माह के प्रथम शनिवार हसनगंज तहसील संम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

द अचीवर टाइम्स - महेन्द्र कुमार

हसनगंज (उन्नाव)- उन्नाव जिलाधिकारी अपूर्वा दूबे व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा व उपजिलाधिकारी हसनगंज ने दूर दराज से आए हुए फरियादियों की सुनी फरियादे सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल-337 शिकायतें आई जिसमें राजस्व विभाग की - 127 व पुलिस विभाग की - 47 विकास सम्बन्धी - 45 खाद्यपूर्ति निरीक्षक - 32 विद्युत विभाग की - 38 व अन्य 48 प्रकरण संपूर्ण समाधान दिवस में आए जिसमें से - 24 समस्याओं का मौके पर ही हुआ निस्तारण।

औरास ब्लाक निवासी केशनपाल पुत्र नन्हकू ने लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया मेरा प्रधानमंत्री आवास योजना सूची में मेरा नाम था लेकिन खण्डविकास अधिकारी और सचिव की मिली भगत से मुझे न मिल सका आवास में ट्रिपाल डालकर अपने परिवार के साथ भरण पोषण जीवन यापन कर रहा हूं।एक मामला ऊंचाद्वार निवासी रामजी पुत्र देशराज लेखपाल पर आरोप लगाते हुए बताया लगभग 3 माह पूर्व से वरासतन दर्ज करने के काम को लेकर हसनगंज सम्बन्धित अधिकारी तहसील परिसर कु करा रहे हैं परिक्रमा पीड़ित की भूमि ग्राम धौरा परगना मोहन खतौनी खाता संख्या 1081 व 1089 है जिसका विरासतन आदेश किया जा चुका है लेकिन अभी तक आदेश नहीं चढ़ सका। वही हसनगंज ग्राम रानीखेड़ा खालसा निवासी दिव्यांग अकृति सिंह के पिता ने दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने की जिला अधिकारी से की मांग जो दर-दर भटक रहा था । वही हसनगंज आदर्श नगर



निवासी ज्योति ने नाली व खण्ड़जे का निर्माण कार्य करने के लिए दिया लिखित शिकायती पत्र जो कि बीते 10 साल से नहीं हो पाया नाली निर्माण कार्य।वही पुरवा निवासी राम रानी पत्नी मंगल थाना माखी की जमीन पर दबंगों के द्वारा कब्जा की गई भूमि कब्जा मुक्त कराने के लिए लगाई न्याय की गुहार।

ग्राम चिलौली से आपदा सम्बन्धी प्रकरण में रिपोर्ट न लगने पर जिलाधिकारी अपूर्वा दूबे ने लेखपाल को लगाई फटकार निस्तारण करने के दिए निर्देश। वही 24 नवंबर बक्शीखेड़ा मृतक दीपक के परिजनों ने जिलाधिकारी को घटना से कराया अवगत कहा दबाव बनाकर हसनगंज पुलिस ने मेरे बेटे का कराया अंतिम संस्कार उल्टे हम लोगों पर ही धारा 107/ 111 में कर दी कानूनी कार्रवाई घर भेजवाया नोटिस हसनगंज कोतवाली प्रभारी ने 26 नवंबर को रिपोर्ट आने पर कानूनी कार्रवाई और रिपोर्ट देने की बात कही थी जिस पर आज तक नहीं दी हमें कोई जानकारी न ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट जिस पर मौके पर ही कोतवाली प्रभारी हसनगंज राजेश्वर त्रिपाठी ने मृतक दीपक के परिजनों को सौपी पोस्टमार्टम रिपोर्ट। वही संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे अभिषेक कुमार गौतम ग्राम पंचायत क्षेत्रीय लेखपाल पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए कहा गाटा संख्या-1820 रकबा -0.1200 जो नवीन परती भूमि के नाम दर्ज है जिस पर दबंग विपक्षी जयबिन्द यादव पुत्र गयाप्रसाद से लेनदेन करके क्षेत्रीय लेखपाल ने कर दिया निर्माण कार्य।जबकि ग्राम प्रधान वर्तमान में भू प्रबंधन समिति का अध्यक्ष होता है एक ग्राम प्रधान होने की नाते जिला अधिकारी अपूर्वा दूबे से लगाई न्याय की गुहार अब देखना यह है पीड़ित को न्याय मिलता है या मामला यूं ही रफा दफा करने को सम्बंधित अधिकारी समझते हैं अपना फर्ज।

# दलित प्रेरणा स्थल पर पहुचने के लिए बसपा की बैठक आयोजित

द अचीवर टाइम्स संवाददाता




जनपद हापुड़ के बहुजन समाज के जिला कार्यालय पर बसपा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर ए० के० कर्दम की अध्यक्षता में 6 दिसंबर 2023 को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर नोएडा के दलित प्रेरणा स्थल पर सुबह 8:00 बजे पहुंचने को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि मेरठ मंडल प्रभारी शाहजहां सैफी उपस्थित रहे। जिसका संचालन राजकुमार सागर जिला कार्यकारिणी सदस्य ने किया तो वहीं मंडल प्रभारी में बहन जी के निर्देश अनुसार बताया कि हापुड़ की तीनों विधानसभा से हजारों की संख्या में सभी लोग 6 दिसंबर को बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के सुबह सुबह महापरिनिर्वाण दिवस पर दलित प्रेरणा स्थल अपने निजी वाहन से पहुंच कर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करें तो वहीं जिला अध्यक्ष डॉक्टर एक कर्दम ने बसपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब ने पूरा जीवन दलितों, पिछड़ों, गरीबों व मजलूम लोगों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ सभी को आगे बढ़ाने के लिए सदैव कार्य किए हैं। जिन्हें हम भूल नहीं सकते और उन्होंने भारत का संविधान लिखकर सभी को सम्मान दिया है। इस मौके पर महेश स्टार वाले, योगेंद्र जाटव धनोरा वाले, डा० विनोद कार्तिक विधानसभा अध्यक्ष हापुड़, भूपेंद्र प्रधान, सुरेश तोमर जिला पंचायत सदस्य, विनोद कर्दम, सतीश कश्यप, राजू जाटव, जावेद आलम (एड.) रितेश कुमार बैंग वाले, बाबू राम भारती , मूलचंद गौतम, संजय वाल्मीकि, केपी सिंह, डॉ सुनील सरकार, अशोक आजाद, भागीरथ पाल, हरि सिंह पाल, गौरव प्रधान, रानू जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

# संविधान के लिए सत्ता परिवर्तन जरूरी है- डॉ नरेश सागर



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

हापुड़ निवासी बेखौफ शायर व अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव डा.नरेश सागर ने मेरठ में समाजवादी पार्टी के मुख्य कार्यालय में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक में बोलते हुए कहा कि यदि देश में सत्ता परिवर्तन करना है तो महिलाओं को मणिपुर और हाथरस जैसी घटनाओं के साथ ये भी बताया जाए कि इस सरकार ने आपके बच्चों के भविष्य के साथ शिक्षा महंगी करके और निजिकरण करके खिलवाड़ किया है। राष्ट्रीय सचिव ने आगे कहा कि यदि आप अपने देश और संविधान की रक्षा चाहते है तो सत्ता परिवर्तन करना ही पडेगा, जब तक संविधान जिंदा है देश में लोकतंत्र, एस.सी.,एस.टी., ओबीसी और मानियोरिटि के अधिकार जिंदा है। एड.ललित सिंह ने कहा कि हम सत्ता परिवर्तन के लिए सर पर कफन बांधकर निकल पडे है। सभा में उपस्थित सुधाकर कश्यप, इकबाल भाई, संजीव अग्रवाल, मेरठ जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, सीमा प्रधान, इकबाल कुरेशी, संजय गहलौत ,संगीता राहुल, रविंद्र प्रेमी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मा. विशेष न्यायाधीश, एससी/एसटी कोर्ट को धमकी दिये जाने के संबंध में दो अभियुक्त गिरफ्तार

द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी

पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा दिनांक 28.11.23 को मा.विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट व उनके परिवारीजन को जान से मारने की धमकी के संबंध में पंजीकृत अभियोग में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर सुशील कुमार के नेतृत्व में संदर्भित प्रकरण में आज दिनांक को दो अभियुक्तों 1.कृष्ण कुमार दुबे पुत्र स्व.शिवशंकर दुबे नि.परसंदा थाना मछरेहटा सीतापुर 2.रामकुमार शर्मा पुत्र बांकेलाल शर्मा नि.बिद्धीपुर कलां थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी को वैदेही वाटिका के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मुकदमा में प्राप्त साक्ष्यों/तथ्यो व गिरफ्तार अभियुक्तो से पूछताछ में ज्ञात हुआ मा.न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट जनपद सीतापुर को जरिये डाक एक पत्र प्राप्त हुआ था जिसमे



अभियुक्त कृष्ण कुमार दुबे पुत्र स्व.शिवशंकर दुबे नि.परसदा थाना मछरेहटा सीतापुर द्वारा अपने साथियो के साथ मिलकर वादी मुकदमा भोले पासी पुत्र मुन्नीलाल पासी नि. परसदा थाना मछरेहटा सीतापुर की तत्कालीन प्रधान पत्नी मालती की हत्या किये जाने के संबंध में प्रचलित मुकदमा उपरोक्त में गलत तरीके से गवाही व विचारण करने का आरोप लगाते हुए मा.न्यायाधीश रामविलास सिंह व उनके परिवारीजन को जान से मारने की धमकी देने के संबंध में प्रेषित किया गया। इस संबंध में दिनांक 28.11.23 को थाना कोतवाली नगर पर अभियुक्त कृष्ण कुमार दुबे मुकदमा पंजीकृत करते हुए विवेचना उच्चाधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में निरीक्षक अपराध कृष्ण बली सिंह द्वारा प्रारंभ की गयी, पूछताछ में अभियुक्त कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि जबसे आरोप तय हुआ है तभी से ही लगातार वादी मुकदमा भोले पासी पुत्र मुन्नेलाल पासी नि. परसदा थाना मछरेहटा सीतापुर का बयान किसी न किसी बहाने से टाला जाता रहा। अभियुक्त कृष्ण कुमार दुबे द्वारा दिनांक 31.10.23 को मा.न्यायायलय विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट के विरुद्ध एक प्रार्थना पत्र जिला जज महोदय को दिया गया था जिसमें मा.न्यायालय विशेष न्यायाधीश के ऊपर आरोप लगाते हुए उक्त मुकदमें को किसी अन्यत्र कोर्ट में ट्रांसफर करने अथवा न किये जाने की स्थिति में उच्च न्यायालय में रिट दाखिल किये जाने की धमकी देते हुए प्रेषित किया गया। उल्लेखनीय है कि जरिये डाक प्राप्त पत्र का विश्लेषण करने से व संबंधित डाकखाने से विवरण प्राप्त करने पर समय/सीसीटीवी फुटेज व कॉल डिटेल से एक अन्य अभियुक्त रामकुमार शर्मा पुत्र बांकेलाल शर्मा नि.बिद्धीपुर कलां थाना बड्डूपुर जनपद बाराबंकी के द्वारा षडयंत्र कर अभियुक्त कृष्णकुमार दुबे उपरोक्त के साथ मिलकर स्वयं हस्ताक्षर कर धमकी भरा पत्र प्रेषित किया जाना प्रमाणित हुआ है। मुकदमा उपरोक्त में दोनो अभियुक्तो की संलिप्तता के आधार पर कृष्ण कुमार दुबे रामकुमार शर्मा का रिमांड प्राप्त किया जा गया। मा.न्यायाधीश श्री रामविलास सिंह व उनके परिवार की सुरक्षा के दृष्टिगत 24 घंटे सशस्त्र आरक्षी की ड्यूटी लगायी गयी है। अभियुक्तगण उपरोक्त को गिरफ्तार कर चालान मा.न्यायालय किया जा रहा है। उक्त प्रकरण में विवेचना प्रचलित है, साक्ष्य संकलन के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जनपद में अपराध एवम् अपराधियों के विरुद्ध निरंतर एवम् प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार चलती रहेगी।

# नव कुंज फाउंडेशन द्वारा सामान्य ज्ञान व कला प्रतियोगिता आयोजित



## मुख्य अतिथि विक्रम कॉल ने प्रतियोगिता के विजय बच्चों को किया पुस्कृत

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

हापुड़ के मेरठ रोड पर सर्वोदय कॉलोनी में स्थित होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में नव कुंज फाउंडेशन द्वारा बच्चों के बीच एक प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सामान्य ज्ञान एवं कला वर्ग में सभी बच्चों ने भाग लिया और प्रतियोगिता के विजय बच्चों को मुख्य अतिथि विक्रम भैय्या कौल शील्ड देकर पुष्कृत किया तो वही स्कूल की प्रधानाचार्य सोनिया और हेड मास्टर पवन ने प्रतियोगिता को संपूर्ण रूप से करने में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता कार्यक्रम संयोजक अंकित गौतम रहे तो मुख्य अतिथि विक्रम भैय्या कौल उनके साथी और हमारी टीम ने बड़े ही स्वर्ण शब्दों में बच्चों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया और इंसानियत की भावनाओं को जगाकर समाज हीत में कार्य करने को कहा और सभी भावनाओं को समझ कर इस कार्य को समाप्त किया गया।

# कल्पना भारद्वाज केंद्रीय विद्यालय में शिक्षिका के पद पर चयनित

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



जनपद हापुड़ के ग्राम भटियाना निवासी भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के प्रवक्ता आचार्य अजय शर्मा व आंगनबाड़ी में कार्यरत बबिता की बेटी कल्पना भारद्वाज का चयन केंद्रीय विद्यालय में शिक्षिका के पद पर हुआ तो वही महासभा के अध्यक्ष पंडित के0 सी0 पाण्डेय (काशी वाले ) ने सफलता पर कहा कि बिटिया प्रतिभाशाली व संस्कारयुक्त होने के साथ उसकी मेहनत का परिणाम है कल्पना की उत्कृष्ट सफलता पर क्षेत्र में हर्ष व महासभा को गर्व है पदाधिकारियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी और पिता पंडित अजय शर्मा ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई में होनहार थी, बी ए, एम0 ए0 व बी टी सी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया था, कल्पना की नियुक्ति बाबूगढ़ स्थित केंद्रीय विद्यालय में मिली है कल्पना ने सफलता का श्रेय माता पिता, गुरुजनों व श्रेष्ठजनों के आशीर्वाद को दिया बधाई देने वालों में महासभा संरक्षक डॉ0 वासुदेव शर्मा, पंडित अखिलेश शर्मा, महामंत्री अनिशा सोनी पाण्डेय, परामर्श बोर्ड पं0 कमलेश गिल्डियाल, पं0 संतोष तिवारी, पुरुषोत्तम दाहाल, ऋषि कौशिक, उपाध्यक्ष पं0 आदित्य भारद्वाज व पंडित ब्रजेश कौशिक, कोषाध्यक्ष मित्र प्रसाद काफ्ले, लेखा निरीक्षक पं0 देवी प्रसाद तिवारी, मंत्री गौरव कौशिक, पं0 जगदम्बा शर्मा, संगठन मंत्री पंकज पाण्डेय, एस्ट्रो धर्मेंद्र बंसल, विनीत वाजपेयी, हरी कृष्ण, प्रशांत वशिष्ठ, दुर्गेश शास्त्री, जय प्रकाश ₹अनुपम₹ आदि रहें.

# नवनिर्मित पुलिस चौकी दिनेश विद्यापीठ का एएसपी ने किया उद्घाटन




द अचीवर टाइम्स संवाददाता

जनपद हापुड़ की कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थाना हापुड़ देहात क्षेत्रान्तर्गत नवनिर्मित पुलिस चौकी दिनेश विद्यापीठ का शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अब सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से थाना हापुड़ देहात नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर हापुड़ नगर क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह व सुमित तोमर थाना प्रभारी हापुड़ देहात आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष की बार बार बेईज्जती होने पर लोकेश अकेला ने जिला प्रशासन व भाजपा पर साधा निशाना

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

हापुड़ के ततारपुर निवासी बसपा समर्थक लोकेश अकेला ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि भारत देश की राष्ट्रीय पार्टी बहुजन समाज पार्टी से हापुड़ नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी पार्टी से नगर पालिका अध्यक्ष बनीं है और तब से उनका जिला प्रशासन व भाजपा द्वारा बार-बार बेईज्जती का सामना करना पड़ रहा है। बाबा में दिखाए गए फोटो में साफ-साफ देख सकते हो ।तो वहीं उन्होंने जानकारी देते हुए बताया हापुड शहर की आवाम ने भारी भरकम वोट देकर ओर बसपा पार्टी के कर्मठ, जुझारू, कार्यकताओं ने अपना रात दिन एक करके नगर पालिका अध्यक्ष हापुड़ पुष्पा देवी को जीताया है, बसपा पार्टी ने हापुड नगर पालिका अध्यक्ष की सीट किसी भी उद्योगपति की खैरात से हासिल नही की है, जमीनी स्तर से जुड़े बहुजन




समाज पार्टी के कार्यकताओं में बहुत रोष है बार बार अपनी बहुजन समाज पार्टी की बेईज्जती देख देख कर, अगर नगरपालिका अध्यक्ष के साथ बसपा पार्टी का कोई पुराना मजबूत कार्यकर्ता नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि होता तो भी ऐसी बेईज्जती बार बार नहीं होती, ?ऐसे व्यवहार ओर कारनामों से बसपा पार्टी की ही नहीं हमारे समस्त समाज की बेईज्जती भी हो रही है। हमारे समाज का पूरा वजूद भी खत्म सा होता दिखाई दे रहा है !

# जनपद में पहली बार पहुंचे नवनियुक्त जिले के प्रभारी सतपाल सैनी



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

जनपद हापुड़ के प्रीत विहार में स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिले के प्रभारी पूर्व सांसद वर्तमान में एमएलसी व प्रदेश के उपाध्यक्ष सतपाल सैनी कार्यकताओं से मिले उसके उपरांत वोटर चेतना अभियान के विषय में जानकारी लेते हुए एसएसवी कॉलेज बूथ आर्य कन्या पाठशाला बूथ का निरीक्षण किया और वहाँ उपस्थित कार्यकताओं से मिले विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय में भी जानकारी प्राप्त की कार्यकताओं ने पुष्प कुछ देकर जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में जिला प्रभारी का स्वागत किया कार्यकताओं संबोधित करते हुए सतपाल सैनी ने कहा कि सभी अभियानों को सफलतम रूप से संपन्न करना है और 2024 में तीसरी बार देश में भाजपा की सरकार बने इसी दिशा में सभी कार्यकताओं को सार्थक प्रयास करना है। इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, जिला महामंत्री श्यामेंद्र त्यागी, पुनीत गोयल, मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष, राजेश शर्मा ,राजीव सिरोही, तरुण चौहान ,अनिरुद्ध कस्तला अमित सिवाल पवन सैनी, मनोज गौतम ,राहुल उपाध्याय व जिला मीडिया प्रभारी सुयश वशिष्ठ समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

**कहा कोई मजबूर बेबस पात्र वंचित न रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से - ग्राम प्रधान**

# सैरपुर ग्राम प्रधान ने आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का प्राथमिक विद्यालय में किया आयोजन

द अचीवर टाइम्स महेन्द्र कुमार

हसनगंज( उन्नाव ) - हसनगंज विकासखण्ड की ग्राम पंचायत शैरपुर ग्राम प्रधान ने आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को भारतीय जनता पार्टी की लाभकारी योजनाओं की दी जानकारी । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को किया साकार। हर जरूरत मन्द व्यक्ति के सर पर छत होने के वादे को किया पूरा ग्रामीणों को बांटे 15 प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रमाण पत्र ग्रामीणों की जानी राय आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी को वोट देने की की अपील। अशोक अवस्थी व राजकुमार अवस्थी शिक्षा संयोजक प्रकोष्ठ भाजपा ने भारतीय जनता पार्टी की लाभकारी योजनाओं से कराया



अवगत व ग्रामीणों को दिलाई प्रतिज्ञा अन्य कई प्रकार की दी जानकारियां। मौके पर ग्राम प्रधान ओमप्रकाश , आजाद आशीष कुमार गौतम, खण्ड विकास अधिकारी उपेंद्रनाथ , ए.डि.ओ. आई.एस.बी रवि आनंद श्रीवास्तव ,ए.डि.ओ. एफ.एस.बी , ए.डि.ओ.ए.जी.जशवंत कुमार आग जसवंत कुमार , बी.एम.एम. एन.आर.एल.एम , सचिव मृगांक गौतम , शैरपुर कानून को मनोज सिंह, व लेखपाल वंदना श्रीवास्तव, राजकीय कृषि बीज भंडार हसनगंज, टी.ए.मनोज कुमार वर्मा , सुग्रीव कुमार विमलेश गौतम, रजनीश कुमार, बूथ अध्यक्ष अरविन्द , भीखालाल प्रमोद , दीपू, विशाल, रंजीत, मोनू, सुशील समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण रहे उपस्थित।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 34 शिकायतें में से सिर्फ 5 शिकायतों का हुआ निस्तारण

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस धौलाना में सुनी जन समस्या एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये निर्देश

द अचीवर टाइम्स संवाददाता



जनपद हापुड़ जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में तहसील धौलाना के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आए हुए लोगों की समस्याओं को सुनकर शिकायत का सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये । भूमि विवाद से सम्बन्धित सन्दर्भों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिये गये । उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। संपूर्ण समाधान दिवस में 34 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया बची शेष शिकायतों का निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी धौलाना , मुख्य चिकित्सा अधिकारी, क्षेत्राधिकारी धौलाना, परियोजना अधिकारी , तहसीलदार धौलाना सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी व राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे

**खास समाचार**

## गाजीपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग ने पल्स पोलियो की तर्ज पर घर-घर खोजे जाएंगे कुष्ठ रोगी

**द अचीवर टाइम्स**

गाजीपुर जिले में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कुष्ठ रोगी खोजी अभियान जो 21 दिसंबर से 4 जनवरी तक चलाया जाना है।इस अभियान में पल्स पोलियो अभियान की तर्ज पर घर-घर कुष्ठ रोगियों की खोज की जाएगी।जिसको लेकर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में सीएमओ डॉ देश दीपक पाल की अध्यक्षता में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ रामकुमार यादव ने बताया कि 21 दिसंबर से 4 जनवरी तक कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाना है।जो पल्स पोलियो अभियान की तरह चलाया जाएगा। अभियान के तहत घर-घर कुष्ठ रोगियों की खोज की जाएगी।उन्होंने बताया कि इस तरह का अभियान साल 2018 में विभाग के द्वारा जनपद में चलाया गया था।वहीं अब 5 साल के बाद इस अभियान को एक बार फिर से चलाया जाएगा।जिसको लेकर वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। वर्कशॉप में शामिल लोगों को कुष्ठ रोगियों की कैसे पहचान और पहचान करने के बाद उनका किस तरह से इलाज किया जाएगा इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है।उन्होंने बताया कि अभी पिछले दिनों 1 सितंबर से 30 सितंबर तक कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया गया था।जिसमें कुल 42 नए मरीज मिले थे।जिन्हें एमडीटी उपचार दिया गया।साथ ही उन्होंने बताया कि पूरे जनपद में 181 कुष्ठ रोगी व आठ अन्य कुष्ठ रोगी मरीज है ।जिनकी कुल संख्या 189 होती है।उन्होंने बताया कि अप्रैल 2023 से अब तक कुष्ठ रोग विभाग के द्वारा किए गए इलाज से कुल 180 कुष्ठ रोगी स्वस्थ भी हुए हैं। इस वर्कशॉप में सभी ब्लॉकों के चिकित्सा अधिकारी बीसीपीएम, एनएमए, एनएमएस ,एचईओ के साथ ही विभाग से जुड़े जयप्रकाश ,श्याम बिहारी, आरके मिश्रा, अभय कुमार, अखिलेश व अन्य मौजूद रहे।

## गाजीपुर जिले में ई-लाटरी के माध्यम से कृषि विभाग किसानो को देगा कृषि यंत्र

**द अचीवर टाइम्स**

गाजीपुर जिले में उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त किसान बन्धुओं को सूचित किया है कि इस वित्तीय वर्ष से विभाग द्वारा पहले आओ पहले पाओ की व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया है विभाग द्वारा अब निम्नवत प्रक्रिया अपनायी गयी है। कृषि यन्त्र विवरण हेतु लाभार्थी चयन में पहले आया पहले पाया व्यवस्था को समाप्त करके प्राप्त बुकिंग मे से ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन व्यवस्था प्रारम्भ। कृषि यन्त्रीकरण समस्त योजनाओं (एन०एफ०एस०एम०, एस०एम०ए०एम० एवं एन०एफ०एस०एम० टी०बी०ओ०एस० ) में कृषि यन्त्र/कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम पर अनुदान प्राप्त करने हेतु आवेदन की बुकिंग दिनांक 30.11.2023 को मध्यान्ह 12.00 बजे से प्रारम्भ हो गयी है ।इच्छुक लाभार्थी/कृषक द्वारा दिनांक 14.12.2023 रात्रि 12.00 बजे तक आवेदन की बुकिंग की जा सकती है।इच्छुक लाभार्थी/कृषक विभागीय दर्शन पोर्टल६६६.ँ१.४३४१.४स्त्र.ॅङ्क५.ल्ल पर यन्त्र पर अनुदान हेतु आनलाइन आवेदन कर सकते है।कृषि यन्त्रों के आवेदन हेतु बुकिंग किये जाने के लिये विभागीय पोर्टल पर पूर्व से उपलब्ध मोबाइल नं० पर ओ०टी०पी० प्राप्त करने का विकल्प होगा यदि पोर्टल पर मोबाईल नं० बन्द होगा तो लाभार्थी के नये मोबाइल नं० पर ओ०टी०पी० प्राप्त कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करने का विकल्प दिया गया है।इच्छुक लाभार्थी/कृषक द्वारा 30 नवम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक की अवधि में प्राप्त समस्त बुकिंग की सूची जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष ई-लाटरी के माध्यम से ब्लाकवार लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जायेगा।ई-लाटरी हेतु स्थल तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों को बाद समय से सुचना समाचार पत्र से दे दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना दुद्धी अन्तर्गत म्योरपुर तिराहा पर नवनिर्मित पिंक बूथ का किया गया उद्घाटन

**द अचीवर टाइम्स**

सोनभद्र।दिनांक 02.12.2023 को जिलाधिकारी चन्द्रविजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा शक्ति दीदी अभियान के अंतर्गत महिलाओं/ बालिकाओं के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीडन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में महिलाओं व बालिकाओं को आत्मसुरक्षा के लिये जागरुक करने के उद्देश्य से थाना दुद्धी अन्तर्गत म्योरपुर तिराहा पर नवनिर्मित पिंक बूथ का उद्घाटन किया गया ।इस मौके पर उऊड, थानाध्यक्ष दुद्धी उ0नि0 नागेश सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## कोन पुलिस द्वारा अपहरण सम्बन्धी प्रकरण में वांछित 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**द अचीवर टाइम्स**

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी ओबरा के नेतृत्व में आज दिनांक-02.12.2023 को थाना कोन पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत पर मु0अ0सं0-113/2023 धारा 365, 504, 376 भादवि से सम्बन्धित प्रकरण में 01 नफर वांछित अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र स्व0 संजय कुमार निवासी ग्राम खेतकटवा टोला लोहबे, थाना कोन जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 21 वर्ष को खेतकटवा तिराहा से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में लोग हो रहे हैं जागरूक

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**




शाहजहांपुर विकासखण्ड भावलखेड़ा की ग्राम पंचायत रहीमपुर, पिपरिया में माननीय मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य उत्तर प्रदेश सरकार श्री सुरेश कुमार खन्ना, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र शाहजहांपुर मयंक भदौरिया, उपनिदेशक कृषि धीरेंद्र सिंह, जिला कृषि अधिकारी सतीश पाठक, बी डी ओ भावलखेड़ा अरविंद रस्तोगी, प्रमुख श्री राजाराम, ग्राम प्रधान सौरभ, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार सहित नेहरू युवा केन्द्र शाहजहांपुर के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रवि सक्सेना, अन्य युवा मंडल सदस्यों सहित भारी संख्या में स्थानियजन व युवा उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय मंत्री जी ने सभी से विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आव्हान करते हुए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया जिससे समस्त योजनाओं का संतृप्तिकरण हो सके और लाभार्थियों को लाभ मिल सके जिससे माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प की परिकल्पना को चरितार्थ किया जा सके।सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं जैसे किसानों के लिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना आदि पर भी माननीय मंत्री जी द्वारा प्रकाश डाला गया।माननीय मंत्री महोदय ने उपस्थित सभी को विकसित भारत की शपथ दिलाई अधिकारी मयंक भदौरिया द्वारा बताया गया कि ₹माई भारत पोर्टल₹ का निर्माण युवाओं की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है और इसका उद्देश्य युवाओं को सरकार और नागरिकों के बीच युवा सेतु के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाकर राष्ट्र निर्माण के लिये अपार युवा ऊर्जा का सदुपयोग करना है।टर्ँ१३.ङ्क५.ल्ल पर लॉगिन करके 15-29 वर्ष के युवा रजिस्टर कर सकते हैं, साथ ही उन्होंने नेहरू युवा केन्द्र शाहजहांपुर की विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा भी स्टाल लगाया गया।

## गन्ने के खेत में मिला लड़की का शव क्षेत्र में सनसनी का माहौल

**द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी**



सीतापुर / कोतवाली मिश्रिख के ग्राम जालेपारा में एक युवती का शव गन्ने के खेत में पडा.मिला। परिवारी जनों का कहना है कि सुबह लगभग 6:30 बजे शौच के लिए गई थी।देर तक वापस न आने पर परिजनो ने खोजना चालू कर दिया।खोजबीन के दौरान गन्ने के खेत में युवती का शव मिला ।शव मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गयी। भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है।लड़की की उम्र लगभग 21वर्ष बताई जा रही हैं। लड़की का नाम सुनीता व पिता का नाम रामनाथ है जो ग्राम जालेपारा थाना मिश्रिख के निवासी थी जहां रामकोट थाना एसएचओ बलवंत शाही अपने दल बल के साथ और कोतवाली मिश्रिख से अपने दलबल के साथ मौजूद रहे।

## महापौर अर्चना वर्मा एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देशन में नगर निगम क्षेत्र में चलाएं जा रहे विशेष सफाई अभियान का महाप्रबंधक जल द्वारा किया गया निरीक्षण



**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**

शाहजहांपुर महानगर को एक साथ एवं स्वच्छ रखने के उद्देश्य से महापौर अर्चना वर्मा एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार के निर्देशन में नगर निगम टीम द्वारा नगर क्षेत्र के समस्त वार्डों में प्रतिदिन सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है जिसका आज दिनांक 2 12 2013 को महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों को बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कॉलोनी काशीराम कॉलोनी बरेली मोड़ केरूगंज चौराहा क्षेत्र में स्वच्छता कर्मियों के द्वारा किए जा रहे हैं सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय स्वच्छता कमी कार्यरत पाए गए महाप्रबंधक जल द्वारा अपनी उपस्थिति में साफ सफाई कार्यक्रम उत्थान का कार्य नाले बा नालियों की सफाई का कार्य कराया गया तथा निर्देशित किया गया कि महानगर में सफाई व्यवस्था के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करें जिससे महानगर को साफ एवं स्वच्छ बनाया जा सके निरीक्षण के समय मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चंद्रवीर सिंह सागर उपस्थित रहे

# गलत नीति के चलते भेंट चढ़ा बिल्ली मारकुण्डी का खनन उद्योग

## खनन क्षेत्र बंदी के कगार पर, छाया सियापा, ट्रकों के थमे चक्के

**शासन के नियमानुसार ई-टेंडर के द्वारा स्वीकृत खदानों से जुड़े व्यवसायियों की बढ़ रही मुश्किलें**

**सोनभद्र, वाराणसी, जौनपुर, चंदौली सहित पूरा पूर्वांचल प्रभावित**

**द अचीवर टाइम्स**



सोनभद्र।प्रदेश में दूसरे नंबर में राजस्व देने वाला सोनभद्र का खनन क्षेत्र बिल्ली मारकुंडी शासन की गलत नीति के कारण बदहाली के दौर से गुजर रहा है। पूरे क्रशर क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया है।व्यवसायी पूर्व के शासनादेश में 1.4 घनमीटर पत्थर का घनत्व में 2.84 टन जो कि पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र में खनन पट्टो में जारी हुआ है, उसमें भी घनत्व एवं वजन में साफ- साफ जिक्र किया गया है, जिसमें पूर्व शासन द्वारा घनत्व और वनज में संशोधन करके नया शासनादेश जारी किया गया था, परंतु शासन में फेर बदल होने से पूर्व में जारी शासनादेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई, जिससे पूरा खनन उद्योग बंदी के कगार पर चले जाने के साथ ही भारी राजस्व का नुकसान भी हो रहा है जो पूरी तरह से न्यायसंगत नहीं है, जिसके कारण बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र के पट्टाधारकों, ट्रांसपोर्टर, क्रशर मालिकों, गड़ी मालिकों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं व्यवसाय पूरी तरह से ठप हो गया है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को खनिज बहुत महंगे दर पर खरीदना पड़ रहा है, जिससे मकान बनाने का सपना सजोये व सरकारी कार्यो, रोड, सरकारी बिल्डिंग एवं अन्य प्रोजेक्ट पूरी तरह से प्रभावित होंगे। खनन की लाइफ लाइन से जुड़े क्रशर, टीपर चालक, कंप्रेशर आपरेटर, पोकलेन आपरेटर, मजदूर तथा व्यवसायियों के साथ ही इस उद्योग से प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से जुड़े लोगों की मुश्किलें और बढ़ जाएगी। खनन उद्यमियों की माने तो जब स्वच्छता प्रमाण पत्र में साफ लिखा हुआ है, उसके बावजूद शासन द्वारा पूर्व में जारी आदेश को बदल दिया गया, जिससे उद्यमियों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। वहीं सोनभद्र, वाराणसी, जौनपुर व चन्दौली सहित पूरा पूर्वांचल प्रभावित हो गया है।ज्यादातर ट्रकों के चकके थम गए है। वहीं दूरी ओर करोड़ों रुपये लगाकर शासन के निमयानुसार स्वीकृत खदानों से जुड़े व्यवसायियों की मुश्किलें दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।ट्रांसपोर्टरों की माने तो इस समय गिट्टी का रेट बढ़ने की वजह से और राज्यों की ओर जाने को मजबूर हो रहे है।उनका कहना है कि 14 चक्का ट्रक परिवहन विभाग द्वारा पासिंग क्षमता 42 टन है, जिसमें गाड़ी का वनज 13 टन होता है।इस हिसाब से 29 टन माल 14 चक्का में लादकर जा सकता है, जिससे 10.02 घनमीटर का खनिज प्रपत्र लगना चाहिए, लेकिन शासनादेष रद्द होने के कारण 18 घनमीटर प्रपत्र लेना पड़ रहा है। इस तरह आठ घनमीटर अतिरिक्त रायल्टी लग रही है, जिससे गिट्टी की लागत बढ़ने की वजह से पूरे पूवीचल में गिट्टी की मांग कम हो गई है, जिससे सस्ती गिट्टी के लिए अन्य प्रदेष की ओर रूख कर रहे है, वहीं भारी क्षति भी हो रही है। शासन- प्रशासन को इस ओर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इस उद्योग से हजारों मजदूर, व्यवासायी जुड़े होने से उनकी रोजी-रोटी चलती है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



शाहजहांपुर विकासखण्ड ददरौल की ग्राम पंचायत सीरोमन नगर भूरसंडी में राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र शाहजहांपुर मयंक भदौरिया, उपनिदेशक कृषि धीरेंद्र सिंह, सचिव रोजा मंडी, बी डी ओ ददरौल शिवानंद सिंह, ए डी ओ पंचायत अरविंद शर्मा, ए डी ओ आई एस बी अजय भदौरिया, आर एल मौर्या, राहुल मिश्रा, पंचायत सचिव अकर्रा रसूलपुर अनिल सिंह, ब्लॉक प्रमुख मुनेश्वर दयाल, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, नेहरू युवा केन्द्र शाहजहांपुर के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक निर्दोष शर्मा, अन्य युवा मंडल सदस्यों सहित भारी संख्या में स्थानियजन व युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने माननीय प्रधनमंत्री जी के सीधे प्रसारण को सुना। माननीय राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने अपने सम्बोधन में सभी से विकसित भारत संकल्प यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आव्हान करते हुए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया जिससे समस्त योजनाओं का संतृप्तिकरण हो सके और लाभार्थियों को लाभ मिल सके जिससे माननीय प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्प की परिकल्पना को चरितार्थ किया जा सके। राज्यसभा सांसद महोदय ने उपस्थित सभी को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम अंतर्गत ₹मेरा युवा भारत₹ पोर्टल पर नेहरू युवा केन्द्र शाहजहांपुर के स्वयंसेवको व युवा मंडल सदस्यों द्वारा रेजिस्ट्रेशन कराए गए व लोंगो को इसके लिये प्रेरित भी किया गया।जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया द्वारा बताया गया कि ₹माई भारत पोर्टल₹ शाहजहांपुर की विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा भी स्टाल लगाया गया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को राज्यसभा सांसद महोदय द्वारा प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए।

## महापौर अर्चना वर्मा द्वारा विशेष सफाई अभियान के अन्तर्गत मोहल्ला दिलाजाक में किया गया औचक निरीक्षण

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



शाहजहांपुर । महापौर के आदेशानुसार नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों के साथ सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने हेतु की गयी बैठक। सफाई व्यवस्था में व्यापक सुधार लाये जाने हेतु मा0 महापौर अर्चना वर्मा व नगर आयुक्त सन्तोष कुमार शर्मा के निदेर्शानुसार रोस्टर के अनुसार 60 वार्डों में विशेष सफाई अभियान नगर निगम, शाहजहाँपुर द्वारा चलाया जा रहा है।इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक-02.12.2023 को सायं 04.00 बजे मोहल्ला दिलाजाक, बाडूजई प्रथम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय साफ सफाई दुरूस्त पायी गयी। सफाईकर्मी व सफाई नायक अपनी बीट पर उपस्थित पाये गये। कुछ स्थानों पर गन्दगी जैसे नालियों के पास झाड़ियाँ, काई इत्यादि पायी गयी जिसको साफ कराने हेतु मा0 महापौर द्वारा सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त मा0 महापौर के निदेर्शानुसार नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 मनोज कुमार मिश्रा द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों के साथ सायं 05.30 बजे आकस्मिक बैठक की गयी व सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किये जाने हेतु उचित दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षिक, सफाई नायक रमेश कुमार तथा बैठक में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरवंश दीक्षिक, सुनील कुमार शाक्य, सी0बी0 सिंह, सत्येन्द्र कुमार कटियार, संजीव कुमार वर्मा इत्यादि मौजूद रहे

# योगी सरकार के मंसूबे पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी

**रोजा थाने पर तैनात सिपाही बर्दी के आड़ में अपने गुर्गों से करवाते हैं पिकप डीसीएम पर डंगर सवार बहन से अवैध वसूली**

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**



शाहजहांपुर। थाना रोजा छेत्र के मोहम्मदी रोड निकट मुक्रमपुर में हरिओम के मकान के सामने कुछ भ्रष्ट पुलिस कर्मी लगा रहे पुलिस महकमें पर बदनुमादाग कैमरे में कैद हुई अवैध धन उगाई का वीडियो बटोर रही सोशल मीडिया पर सुर्खियां सिपाही द्वारा अवैध अवैध वसूली कराते राजू निवासी पिपरिया प्रहलाद युवक कह रहा है बाबूजी ने कहा है मुकरामपुर में ड्यूटी निभाने के दौरान सिपाही मनीष चौधरी व उनके मातहत राजू निवासी ग्राम पिपरिया पहले जो की मोहम्मदी रोड शाहजहांपुर निकट मुकुरामपुर में पुलिया के पास निकल रहे ओवर लोड बाहन पिकअप डिसियम से अपने मातहत राजू से करबाते है 2 सौ से तीन सौ तक की अवैध वसूली ।यह वसूली काफी दिन से चली आ रही है यह वसूली सोमवार मंगलबार बुधवार गुरुवार को अधिकतर होती है बही उसी दिन चीता पुलिस से रमेश बरसात में बाइक पर सवार होमगार्ड ने जपनापुर मार्ग पर डी सी एम का पीछा किया विपरित दिशा पर जाकर होमगार्ड ने फुर्ती में पैसे लिए चीता सिपाही रमेश ने बाइक जपनापुर की और सीधी की मीडिया कर्मियों ने कहा आप इतना गलत कार्य क्यों करते हो सारा मामला संवाददाता फसाद खान ने दिनांक 22 मई 2021 को चौकी इंचार्ज अनित सिंह को बताया उन्होंने मुझे धमकी दी ज्यादा बकवास मत करो बरना पत्रकारिता करना भूल जाओगे आप ये खबर लगा चुके हो आपको बहुत महंगा पड़ेगा उसी छेत्र में रहते हो तैयार हो जाओ जेल जाने के लिए उसके बाद अवैध वसूली का मामला थाना अध्यक्ष को बताया बही थाना अध्यक्ष ने सिपाहियों को स्थानांतरित कर दिया

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया




**द अचीवर टाइम्स सुधांशु अवस्थी**

सीतापुर के विकासखण्ड मछरेहटा के सभागार में दो दिवसीय पंचायती राज निदेशालय लखनऊ उत्तर प्रदेश के माध्यम से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत प्रदेश में ग्राम प्रधान एवं स्वयं सहायता समूह का पी,आर,आई एवं एस, एच जी कनवेजर्न्स हेतु ग्राम पंचायत विकाश योजना का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया इस प्रशिक्षण में प्रधान एवं स्वयं सहायता समूह की सक्रीय महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत में गरीबों को कम करने के लिए समूह की महिलाओं के द्वारा तैयार किए गए प्लान को ग्राम पंचायत विकास योजना में शामिल करना है जिससे कि ग्राम पंचायत में महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाया जा सके प्रशिक्षण की सहभागिता डी, पी,आर, सी , रागिनी गिरी, ट्रेनर पन्नालाल मिश्रा ,सरिता दुबे , राखी शुक्ला, कोऑर्डिनेटर ऋषभ दिवेदी ,अंकिता आदि लोगों ने प्रधान व समूह की महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील तिलहर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ

**अवैध अतिक्रमण, अवैध प्लॉटिंग तथा अनियोजित तरीके से निर्माण करने वाले भू माफियाओं के विरुद्ध कडी कार्यवाही के सख्त निर्देश जिलाधिकारी ने दिए।**

**द अचीवर टाइम्स फसाद खान**




शाहजहांपुर ।जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील तिलहर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना व उनका गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तहसील तिलहर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 86 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 8 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किया गया। तहसील समाधान दिवस के दौरान अवैध अतिक्रमण कब्जा तथा गुण्डागर्दी इत्यादि की शिकायत मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित के विरुद्ध जांच कर गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए।उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि गुण्डागर्दी, दबंगई करने वालों तथा भूमफियाओं के विरूद्ध सरकार की मंशानुसार जीरो टोलरेंस के तहत कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाए जिलाधिकारी ने सभी अधिकारी जनता की शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध, विधि सम्मत तरीके से करना सुनिश्चित करें। जो प्रकरण मौके पर निस्तारित होने वाले है उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित कराया जाए। जइस दौरान डीएफओ प्रखर गुप्ता, उप जिलाधिकारी तिलहर अंजली गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर के गौतम, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, परियोजना अधिकारी अवधेश राम, डीपीआरओ घनश्याम सागर, तहसीलदार तिलहर जय प्रकाश यादव, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्ञान देवी, जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

# जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा जिला होमगार्ड कार्यालय का किया गया निरीक्षण



संवाददाता

मीरजापुर - जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन ने जिला होमगार्ड कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला होमगार्ड कार्यालय के साफ सफाई रखरखा, होमगार्ड जवानों के ड्यूटी लगाने की प्रकिया, पटलवार रखी गयी फाइलो, स्टोर रूम आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कमांडेड होमगार्ड ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को निरीक्षण कराते हुये कार्यालय अभिलेख, होमगार्ड जवानो के ड्यूटी प्रकिया आदि के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने होमगार्ड के जवानों का वेतन महीने की 02 तारीख तक भुगतान कर दिये जाने पर जिला कमाडेड होमगार्ड कमांडेंट विनोद कुमार सिंह को बधाई दी।

# योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**विकसित भारत संकल्प यात्रा का घुमा व घोरपा गांव में हुआ आयोजन।**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया है शुभारंभ।**

**विकासित भारत संकल्प यात्रा के दौरान लोग अपने अनुभव मेरी कहानी मेरी जुबानी किये साझा**

**केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जन-जन को किया जा रहा है लाभान्वित जनमानस का हो रहा है विकास।**

संवाददाता



सोनभद्र। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन दुद्धी ब्लॉक के ग्राम पंचायत घुमा व घोरपा में किया गया, इस मौके पर एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी, जिसको भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की। इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/जिला कार्यक्रत अधिकारी संजीव सिंह ने उपस्थित जन मानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि 15 नवम्बर,2023 को बिरसा मुण्डा की जयन्ती पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ रांची के खूंटी से किया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य है कि गांव व शहरी क्षेत्र में निवास करने वाले हर पात्र व्यक्तियों को सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाये, जो व्यक्ति योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं, उनके जीवन स्तर में किस तरह का सुधार हुआ, कहानी उनके जुबानी से ही सुना जाये, इसके लिए केन्द्र सरकार ने लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को लाभान्वित करने हेतु यह योजना संचालित की गयी है, इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से गांवों में पात्र व्यक्तियों को किस प्रकार से लाभ हुआ है, इस सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तार पूर्वक दी गयी।इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना से सम्बन्धित लगाये गये विभिन्न स्टालों को जनमानस ने देखा और विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की।इस मौके पर नोडल अधिकरी जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गोदभराई व अन्नप्रासन रश्म की अदायगी भी की गयी। आयोजित कार्यक्रम के मौके पर ग्राम प्रधान घोरपा खुशहाल यादव, प्रबुद्धजन सहित अन्य कार्मिकगण, लाभार्थीगण सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

# शंकरचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी का बकाहीं में आगमन 4 दिसंबर को

**नवनिर्मित लोकेश्वर महादेव मंदिर की करेंगे प्राण प्रतिष्ठा**

**डॉ अमरनाथ देव पांडेय के नेतृत्व में गांव के गणमान्य धमार्नुरागी करेंगे भव्य स्वागत।**

संवाददाता



सोनभद्र। जनपद के बकाहींमें 4 दिसंबर को लोकेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर धर्म सभा जगद्गुरु उतरानाम्य शंकराचार्य ज्योतिष पीठाधीश्वर बद्रीनाथ, केदारनाथ श्री 1008 श्री धमार्शीष स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का आगमन चार दिसंबर को हों रहा है।उक्त आशय की जानकारी देते हुए लोकेश्वर महादेव मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी डा अमरनाथ देव पांडेय ने बताया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के कर कमलों द्वारा लोकेश्वर महादेव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा भी की जाएगी।इस धार्मिक अवसर पर आस पास के ग्रामवासियों सहित क्षेत्र के तमाम गणमान्य व्यक्तियो की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के संयोजक डा अमरनाथ पांडेय जी ने लोगो से अपील किया है कि प्राण प्रतिष्ठा के इस अवसर पर चार दिसंबर को ग्राम बकाही में उपस्थित होकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी के प्रवचन को सुने और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर पुण्य के भागी बने।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

**समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल/कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग**

**महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक**

**बेवजह घूमने वाले मनचलो/सोहदों की चेकिंग कर दी जा रही कड़ी चेतावनी**



संवाददाता

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान का चतुर्थ चरण चलाया जा रहा है ।इसी क्रम में आज दिनांक 02.12.2023 को नारी सुरक्षा/ नारी सम्मान /नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दिदि/महिला बीट आरक्षियों/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अपने-अपने बीट/गांव/ स्कूल/ कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा ह्लमिशन शक्तिह्व के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झ्रमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरीत कर जागरूक किया गया ।

# म्योरपुर पुलिस द्वारा अपनी मां से बिछड़ा हुआ 06 वर्षीय बालक को सकुशल उसेक घर पहुंचाया गया



संवाददाता

सोनभद्र। दिनांक 02.12.2023 को कस्बा म्योरपुर बाजार में अपनी मां के साथ आया हुआ 06 वर्षीय बालक जो अपनी मां से विछड़ गया था ।जो बाजार के किनारे पर बैठकर रो रहा था गस्त में लगे पुलिस बल का0 सुगन्ध कुमार,का0 आदित्य पाण्डेय द्वारा उक्त बच्चे को शान्त कराकर नाम पता पूछने पर नहीं बता रहा था ।थाना स्थानीय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के ह्वाट्स ऐप ग्रुप के माध्यम से व लोगों से जरिए दूरभाष व मिलकर जानकारी करने का प्रयास किया गया तो 02 घण्टे के अन्दर उक्त पुलिस बल द्वारा गाड़ी मोटर साइकिल पर बैठाकर बस स्टैण्ट, टैक्सी स्टैण्ड व म्योरपुर बाजार आदि स्थानों पर लोगों से सम्पर्क कर परिजनों के बारे में जानकारी करने के अथक प्रयास के बाद उसकी मां लिलासी मोड़ तिराहा (कस्बा म्योरपुर )मिली ।बच्चे की मां श्रीमती लीलावती पत्नी उमेश निवासी ग्राम सुपाचुंआ थाना म्योरपुर जनपद सोनभद्र मिली बिछड़े हुए बच्चे का नाम सूरज उम्र करीब 06वर्ष बतायी ।बिछड़े हुए बच्चे सूरज उपरोक्त को उसकी मां की सुपुर्दगी में सकुशल दिया गया ।

# गाजीपुर जिले में चन्द्रावली शिक्षा निकेतन मालगोदाम रोड़ पर विद्यालय का वार्षिक उत्सव मनाया गया





संवाददाता

गाजीपुर जिले में मालगोदाम रोड स्थित चंद्रावली शिक्षा निकेतन पर विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया जिसके मुख्य अतिथि माननीया श्रीमती सरिता अग्रवाल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गाजीपुर एवं पूर्व अध्यक्ष श्री विनोद अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ० बीडी मिश्रा, श्री एस के सिंह, विद्यालय की संरक्षिका श्रीमती कल्पना सिंह, संरक्षक श्री भारत भूषण सिंह, संरक्षक श्री रमेश प्रताप सिंह आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती सरिता अग्रवाल, श्री विनोद अग्रवाल, श्री एस के सिंह, प्रोफेसर डॉक्टर बीडी मिश्रा, विद्यालय की संरक्षिका श्रीमती कल्पना सिंह, संरक्षक श्री भारत भूषण सिंह, संरक्षक श्री रमेश प्रताप सिंह, संरक्षिका श्रीमती आशा सिंह, श्रीमती प्रतिभा शर्मा , श्रीमती अर्चना श्रीवास्तव, श्री जीशान ज्या तथा प्रधानाध्यापक श्री सतीश चन्द्र शर्मा के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गयोकार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना और सरस्वती वंदना से की गई उसके पश्चात कक्षा 2 के छात्रों द्वारा वेलकम डांस बहुत ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गयो प्री प्राइमरी के बच्चों ने जय श्री राम के गाने पर अद्भुत प्रस्तुति की, बच्चों ने हमें सिखाया, पढ़ना है, लिखना है और देश को प्रगति पथ पर लाना है बच्चों ने संयुक्त रूप से चंद्रयान की सफलता की प्रस्तुति की तथा सोशल मीडिया बच्चो पर कैसे दुष्प्रभाव डालता है, उसका भी प्रदर्शन कियो कार्यक्रम की एंकरिंग श्रीमती पुष्पा सिंह उनके सहयोगी त्रिपुरान्तक सतीश और सृष्टि श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से की प्रोफेसर डॉक्टर बीडी मिश्रा जी ने बच्चों को कैसे सोशल मीडिया से दूर रखा जाए के तरीके बताएं अंत में प्रधानाध्यापक द्वारा वोट आफ थैंक्स के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया

# गाजीपुर जिले में पीआरडी-जवानों ने लगाया ड्यूटी के नाम पर वसूली का आरोप

**कहा- शासनादेश के तहत नहीं लगाई जा रही ड्यूटी**

संवाददाता

गाजीपुर में उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण जगहों पर पुलिस और होमगार्ड के जवानों संग सुरक्षा में तैनात पीआरडी जवानों के साथ भ्रष्टाचार का मामला प्रकाश में आया है। यह आरोप खुद प्रांतीय रक्षक दल यानी पीआरडी के जवानों ने लगाया है। जवानों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से नियमित ड्यूटी लगाने के नाम पर पैसा लिया जा रहा है। बड़ी संख्या में पीआरडी जवान विकास भवन के प्रांगण में उपस्थित हुए। विभागीय अधिकारी और कुछ कर्मचारियों पर वसूली और भ्रष्टाचार करके



मन माफिक ड्यूटी लगाने का आरोप लगाया। गाजीपुर जिले में पीआरडी जवानों की संख्या लगभग 500से ज्यादा है ।जिनका युवा कल्याण अधिकारी द्वारा ड्यूटी थाने, सरकारी अधिकारियों और सरकारी उपक्रम में लगायी जाती है। वसुली के कारण कुछ लोगों को ड्यूटी लगाई जाती है जो लोग पैसा नहीं दिया है उनको यह कह कर अगली बार आप लोगों की ड्यूटी लगाई जाएगी। यह कह कर टाल दिया जाता है।पीआरडी जवानों को अपनी मांगों को लेकर उच्च अधिकारी तक लिखित रूप से दिया गया है।

# ओबरा पुलिस ने कस्टमर केयर का फर्जी नम्बर डालने व बैंक खाता हैक कर पैसे निकालने वाले अपराधी को किया गिरफ्तार

संवाददाता



सोनभद्र। दिनांक 27.03.2023 को रामाशंकर गिरी पुत्र स्व0 भागमन गिरि, निवासी ओबरा की पुत्री स्वाती गोस्वामी के अपने पिता के ईलाज हेतु एपेक्स हॉस्पिटल के नम्बर पर फोन करने पर कॉलर द्वारा पेसेन्ट वेरीफिकेशन के नाम पर लिंक भेजकर 99999 रुपये अवैधानिक तरीके से आनलाईन फ्राड करके पैसे निकाल लेने के सम्बन्ध में थाना ओबरा मु0अ0सं0- 173/2023 धारा 420,467,468,471 भादवि व 66(डी) आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था तथा ग्राम प्रधान कनकलता, थाना रॉबर्ट्सगंज के खाते से 3 लाख 35 हजार निकाल लेने के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर म0अ0सं0- 454/2023 धारा 420 व 66(डी) आईटी एक्ट का अभियोग व अध्यापक अमरेश पुत्र जगदीश प्रसाद, निवासी जुगैल, जनपद सोनभद्र जिनके खाते से 5 लाख रुपये निकाल लेने के सम्बन्ध में थाना जुगैल पर 29/2023 धारा 420 व 66(डी) आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया था उक्त के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा उपरोक्त घटनाओं का शीघ्र अनावरण करने के लिये अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) को विशेष निर्देश दिया गया इस निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्वेक्षण में अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना ओबरा पुलिस की टीम गठित की गयी उक्त टीम द्वारा फ्राड कारित करने वाला अभियुक्त दिलदार अंसारी पुत्र खलील मियाँ, निवासी देवघर (झारखण्ड) को 147 टी वेस्ट चौवागा प्रथम तल आनन्दपुर, कोलकाता को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कर्यवाही की गयी ।

# शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

संवाददाता



सोनभद्र। शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन दिसम्बर महीने के प्रथम शनिवार को किया गया। मुख्य सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों बड़े ही सरल भाव से सुना गया और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराने के साथ ही, क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये।इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार व उप जिलाधिकारी दुद्धी ने 65 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 11 मामलें निस्तारित किये गये और 02 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 02 प्रकरणों को निस्तारित किये गये।इस प्रकार तहसील दिवस दुद्धी में कुल 13 मामले निस्तारित हुए, बाकी 52 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी (न्यायिक) अश्वनी कुमार, डी0एफ0ओ0 रेनुकूट, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार,डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 श्री ए0के0 जौहरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिलाधिकारी के स्टेनो राम आधार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

02- सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया, इस दौरान अपर जिलाधिकरी ने प्रकरणों का निस्तारण कराते हुए सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया।इस मौके पर अपर जिलाधिकरी (वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, नायब तहसीलदार आदि ने 28 शिकायतों को सुनते हुए, मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये, बाकी 26 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए।

03- सम्पूर्ण समाधान दिवस राबर्ट्सगंज में उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज निखिल कुमार यादव अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज निखिल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व तहसीलदार सुशील कुमार राबर्ट्सगंज आदि ने 64 शिकायतें सुनते हुए ,मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये और 03 टीमों को क्षेत्र में भेजकर 03 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 13 मामले निस्तारित हुए, बाकी 51 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए हैं।

04- सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल का आयोजन अपर जिलाधिकारी( नमामि गंगे ) आशुतोष दूबे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी घोरावल अजय कुमार सिंह व तहसीलदार घोरावल विदित तिवारी, सी0ओ0 घोरावल अमित कुमार आदि ने 52 शिकायतें सुनते हुए ,मौके पर ही 03 मामलें निस्तारित किये गये और 01 टीम को क्षेत्र में भेजकर 01 प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस घोरावल में कुल 04 मामले निस्तारित हुए, बाकी 48 प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश सम्बन्धित को दिए गए।

# रायपुर पुलिस ने 02 गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

**कब्जे से 09 किलो 680 ग्राम गांजा अनुमानित कीमत 01 लाख रुपये बरामद**

संवाददाता



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी सदर संजीव कटियार के निर्देशन में आज दिनांक-02.12.2023 को समय सुबह 05.35 बजे थाना रायपुर पुलिस की टीम द्वारा डोरिया चौराहा के पास से 01 नफर गांजा तस्कर श्रवण यादव पुत्र शिवमूरत यादव निवासी सलेमपुर गोपाल थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर उम्र लगभग 23 वर्ष के पास से एक बोरी में 05 किलो 230 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रायपुर पर मु0अ0सं0-108/2023 धारा 8/20 ठऊढर अ्र३ का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

इसी क्रम में थाना रायपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 02.12.2023 को समय सुबह 06.10 बजे दूबेपुर तिराहा के पास से एक नफर अभियुक्त अमरनाथ यादव पुत्र जग्गा यादव निवासी चकमोकरी बरेजपुर थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर उम्र लगभग 26 वर्ष के पास से एक बोरी में 04 किलो 450 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-109 /2023 धारा 8/20 ठऊढर एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# बभनी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, के निर्देशन में जनपद में वांछित/वाराण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधिक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निकट पर्यवेक्षण में थाना बभनी पुलिस द्वारा आज दिनांक-02.12. 2023 को 01 नफर वारंटी राजेश पुत्र हरिप्रसाद, निवासी ग्राम मुनगाडीह, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 23 वर्ष को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।

# बीजपुर पुलिस द्वारा फरार चल रहा 01 वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह, के निर्देशन में जनपद में वांछित/वाराण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधिक्षक ऑपरेशन एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी के निकट पर्यवेक्षण में थाना बीजपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक-02.12. 2023 को 1 वारंटी अब्दुल समद पुत्र रफीक मोहम्मद, निवासी ग्राम जरहां टोला राजो, थाना बीजपुर, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 65 वर्ष को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी ।



# सनी बोले- ईशा और अहाना मेरी बहनें हैं...

**मुंबई।** कॉफी विद करण 8 में सनी देओल और बॉबी देओल आए। शो का नया एपिसोड रिलीज हो चुका है। जिसमें सनी और बॉबी अपनी फैमिली के बारे में बात करते हुए नजर आए। सनी देओल की हाल ही में फिल्म गदर 2 रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की है। गदर 2 के साथ देओल फैमिली में खुशियां भी आ गई हैं। सनी देओल ने अपनी बहनों ईशा और अहाना के साथ रिश्ते पर बात की। ईशा और अहाना देओल के साथ इक्वेशन पर सनी ने कहा- वो मेरी बहनें हैं। ये ही है जो है, ये कोई भी नहीं बदल सकता है। इन सबके बीच सबसे खूबसूरत चीज ये हुई कि फिल्म सक्सेसफुल हो गई।

लाइफ Style



# जाह्नवी


## उलझ में आईएफएस ऑफिसर के रोल में दिखेंगी

जाह्नवी कपूर एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल, जाह्नवी कपूर ने हाल ही में एक नई देशभक्ति फिल्म को साइन किया है। इस मूवी में एक्ट्रेस देशभक्त के रोल में नजर आने वाली है। इस फिल्म को साइन करने के बाद जाह्नवी कपूर काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने जंगली पिक्चर्स के बैनर तले बनने जा रही 'उलझ' को साइन कर लिया है। जाह्नवी कपूर की इस मूवी को जाने माने फिल्म डायरेक्टर सुधांशु सरिया डायरेक्ट करेंगे। सुधांशु सरिया नेशनल अवॉर्ड विनर भी रह चुके हैं। इसके साथ इस मूवी की स्क्रिप्ट सरिया और परवेज शेख ने और डायलॉग्स अतिका चौहान ने लिखे हैं। जाह्नवी कपूर की 'उलझ' में उनके अलावा गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे सितारे अपनी एक्टिंग का कमाल दिखाते हुए नजर आने वाले हैं। इस मूवी की शूटिंग शुरु हो चुकी है। जाह्नवी कपूर इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने के बाद काफी एक्साइटेड दिख रही हैं। फिल्म का एलान होने के बाद एक्ट्रेस ने कहा फिल्म की स्क्रिप्ट ने काफी अट्रैक्ट किया। इसकी एक वजह ये भी है कि मैं एक ऐसी फिल्म की तलाश में थी कि जो मुझे मेरे कंफर्ट जोन से बाहर आने में हेल्प करे। इस देशभक्ति मूवी में जाह्नवी कपूर एक देशभक्त आईएफएस ऑफिसर के रोल में नजर आने वाली है। एक्ट्रेस के फैंस ने 'उलझ' का बेसब्री से इंतजार करना शुरू कर दिया है।

हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता टायलर नहीं रहे...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री से एक दुखद खबर सामने आ रही है। टीवी और फिल्मों के जाने-माने अभिनेता टायलर क्रिस्टोफर का कार्डियक अरेस्ट की वजह से निधन हो गया है। टायलर क्रिस्टोफर ने 50 साल की उम्र में अपने सैन डिएगो स्थित अपार्टमेंट में आखिरी सांस ली। अभिनेता अपने शो 'जनरल हॉस्पिटल' और 'डेज ऑफ अवर लाइव्स' के लिए दर्शकों के बीच मशहूर थे। अभिनेता के निधन की पुष्टि 'जनरल हॉस्पिटल' के उनके को-स्टार मौरिस बेनार्ड ने की। टायलर क्रिस्टोफर के निधन की दुखद जानकारी देते हुए उनके को-स्टार मौरिस बेनार्ड ने इंस्टाग्राम पर एक मैसेज साझा किया।



# पति निक के बिना मनाया करवा चौथ

**मुंबई।** ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा भी हर साल पति निक के लिए करवाचौथ का व्रत रखती हैं। हालांकि इस बार एक्ट्रेस ने पति से दूर रहकर करवाचौथ सेलिब्रेट किया। हाल ही में एक इवेंट में शामिल होने के लिए प्रियंका चोपड़ा भारत आई हैं। ऐसे में एक्ट्रेस ने इस साल अपने पति निक जोनस के बिना ही करवा चौथ मनाया। प्रियंका ने अपने फैंस को अपने करवाचौथ सेलिब्रेशन की एक झलक भी इंस्टा पर दिखाई है। प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टा स्टोरी पर जो तस्वीर शेयर की है । उसमें विंडो के पास एक डेकोरेटेड छलनी रखी हुई है, जिसमें मिट्टी का दीपक जल रहा है जो चंद्रमा की एक झलक पाने के इंतजार में है। कैप्शन में लिखा,सभी को करवा चौथ की शुभकामनाएं। उन्होंने इस पोस्ट में अपने पति निक को भी टैग किया है।




# सुष्मिता की आर्या सीजन-3 आज से रिलीज...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सुष्मिता सेन की वेबसीरीज आर्या सीजन-3 , आज 03 नवंबर से डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। 'आर्या सीजन-3' राम माधवानी द्वारा रचित और सह-निर्देशित एवं अमिता माधवानी, राम माधवानी, राम माधवानी फिल्म्स और एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा सह-निर्मित है। आर्या सीजन 3' के बारे में सुष्मिता सेन ने बताया कि शूटिंग के माहौल और सेट-अप ने कैसे उनकी मदद की। 'आर्या 3' में आर्या सरीन का किरदार निभाने वालीं सुष्मिता सेन ने कहा, मुझे काम पर लौटने की जल्दी थी और मेरा मानना है कि किसी स्थिति के बारे में आप बैठकर जितना सोचते हैं, उतने ही उसमें फंसते जाते हैं। जिन्दगी की किसी भी चुनौती को पीछे छोड़ देने का एक ही तरीका है आगे बढ़ते रहना और मुझे सिर्फ अपने डॉक्टर से हरी झंडी चाहिये थी।



# हाथ से ही कर दिए किंग कोबरा के दो टुकड़े

**मुंबई।** चियान विक्रम की फिल्म 'थंगालान' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म के टीजर में विक्रम का 'खूंखार' अवतार देखने को मिला है जो अपने हाथों से ही जहरीले किंग कोबरा के दो टुकड़े करते दिख रहे हैं। तलवार के साथ एक्टर का एक्शन मोड भी नजर आ रहा है। बता दें कि फिल्म थंगालान अगले साल 26 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज की जाएगी। 'थंगालन' की स्टोरी के बारे में बात करें तो यह भारत में ब्रिटिश शासन के दौरान कोलार गोल्ड फील्ड्स की एक सच्ची कहानी पर बेस्ड फिल्म है। फिल्म में विक्रम के साथ पार्वती और मालविका मोहनन भी लीड एक्ट्रेस के रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा पशुपति, डैनियल कैल्टागिरोन और हरिकृष्णन अंबुदुरई भी 'थंगालन' का हिस्सा हैं।

टीवी मसाला

# ये रिश्ता में नजर आएंगे अनुपमा एक्टर ऋषभ, अभिरा के देवर का निभाएंगे रोल

**नई दिल्ली।** हर्षद चोपड़ा और प्रणाली राठौड़ का शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में अब कई नए ट्विस्ट देखने को मिलेंगे। हर्षद और प्रणाली शो छोड़ देंगे। वहीं नए एक्टर्स समृद्धि शुक्ला (अभिरा) और शहाजादा धामी (अरमान) उनकी जगह लेंगे। शो में 6 नवंबर से लीप के बाद की कहानी दिखाई जाएगी। शो में प्रीति अमीन, श्रुति उल्फत, संदीप राजोरा, शिवम खजुरिया, प्रीति पुरी चौधरी, संदीप बसवाना, सलोनी संधू, सिकंदर खरबंदा, गौरव शर्मा जैसे एक्टर्स नजर आएंगे। एक्टर ऋषभ जयसवाल भी शो में दिखेंगे। ऋषभ को शो अनुपमा में देखा गया था। वो इस शो में डिंपी के पति निम्रत के रोल में थे। अब ये रिश्ता क्या कहलाता है में वो अहम रोल निभाते दिखेंगे। उनके कैरेक्टर का नाम होगा कृष। वो शो में अरमान के छोटे भाई के रोल में होंगे।



***ऐसा होगा ऋषभ का रोल :*** ऋषभ ने अपने कैरेक्टर की डिटेल्स शेयर करते हुए फिल्मीबीट से बताया कि नई फैमिली वकीलों की होगी। कृष वकील बनना चाहता है लेकिन फैमिली बिजनेस को ज्वॉइन नहीं करना चाहता। कृष कुछ नया एक्सप्लोर करना चाहता है। वो बागी, फन लविंग है। ऋषभ ने कहा कि कृष की फन वाइब उनकी पर्सनैलिटी से मैच करती हैं।

***अभिरा भी बनना चाहती है वकील :*** बता दें कि शो का लीड किरदार अभिरा भी वकील बनना चाहती हैं। वहीं रूही अरमान के प्यार में है और उससे शादी करना चाहती है। हालांकि, किस्मत को कुछ और ही मंजूर है और अभिरा की शादी अरमान ले हो जाती है। वहीं रूही की शादी अरमान के भाई के साथ होती है। अरमान से शादी के बाद अभिरा की एंट्री पोद्दार फैमिली में होती है। हालांकि, अभिरा की जिंदगी में मुसीबतें यहीं से शुरू होती हैं क्योंकि अरमान की फैमिली में महिलाएं काम नहीं करती हैं।

## 'सुंदर नहीं हो, मेकअप करके आओ', कर दिया था रिजेक्ट

**मुंबई।** गुम हैं किसी के प्यार में टीवी का मोस्ट पॉपुलर शो है। शो में इन दिनों सेकंड जेनरेशन की कहानी दिखाई जा रही है। फर्स्ट जेनरेशन में एक्ट्रेस आयशा सिंह, ऐश्वर्या शर्मा और नील भट्ट लीड रोल में थे। शो में नील भट्ट और आयशा सिंह की जोड़ी को फैंस ने काफी पसंद किया। शो से आयशा सिंह घर-घर में पहचानी गईं। हालांकि, आयशा के लिए ये जर्नी इतनी आसान नहीं रही। उन्होंने भी काफी रिजेक्शन देखा। एक बार तो एक मेकर ने उन्हें कह दिया था कि आप सुंदर नहीं हो। मेकअप करके आओ। सिद्धार्थ कनन से अपने रिजेक्शन के बारे में बात करते हुए आयशा ने कहा, 'मेरा फर्स्ट रिजेक्शन जो था। मैं एक काफी बड़े प्रोडेक्शन हाउस में मैं गई थी। उन्होंने मुझे देखकर बोला था, 'आप सुंदर नहीं हो और खूब मेकअप करो बेटा फिर हम बात करेंगे। ये फर्स्ट था मेरा और मैं बहुत हताश हो गई थी। मैं अपनी कजिन के जरिए गई थी। मैंने उस कजिन को बहुत डांटा फिर मैंने थोड़ा बहुत मेकअप करना सीखा लेकिन मेरी ये अप्रोच कभी नहीं रही।



# एक बार फिर हंसी से लोट-पोट कर देगा पारेख परिवार...

## 'खिचड़ी 2' के मजेदार ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** नवंबर का महीना सिनेमा लवर्स के लिए बेहद एंटरटेनिंग होने वाला है। इस महीने एक से बढ़कर एक फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली हैं। वहीं इस लिस्ट में ऐडवेंचर-कॉमेडी फिल्म 'खिचड़ी 2' का नाम भी शामिल है। फिल्म 17 नवंबर को सिनेमाघरों रिलीज होने के लिए तैयार है। वहीं कुछ समय पहले इसका टीजर सामने आया है, जिसके बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बता दें कि खिचड़ी 2 का क्लैश सलमान खान की एक्शन फिल्म 'टाइगर 3' से हो रहा है। टाइगर 2 12 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



**'खिचड़ी 2' में हंसा-प्रफुल की जोड़ी का धमाल :** वहीं अब फिल्म का ट्रेलर सामने आया है, जिसे देखकर आप एक बार फिर हंसी से लोटपोट होने वाले हैं। फिल्म का ट्रेलर बेहद मजेदार नजर आ रहा है, जिसकी कहानी एक बार फिर गुजराती परिवार पारेख परिवार के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आ रही है। वहीं ट्रेलर में हंसा और प्रफुल की जोड़ी दोबारा से धमाल मचा रही है। 2:34 मिनट के इस ट्रेलर की बात करें तो इस बार पारेख परिवार एक नए मिशन पर निकला है।

**फराह खान भी आएंगी नजर :** वहीं इस मल्टीस्टारर फिल्म में सुप्रिया पाठक के अलावा, जमनादास मजेठिया, राजीव मेहता, वंदना पाठक, अनंग देसाई, कीर्ति कुल्हारी, परेश गंत्रा, अनंत विधात, फराह खान और प्रतीक गांधी जैसे बेहतरीन कलाकार नजर आने वाले हैं।

# 80 साल पहले रिलीज हुई दादा मुनि की वो फिल्म जिसने पहली बार की थी 1 करोड़ की कमाई

**मुंबई।** कुछ सालों पहले बॉलीवुड में 100 करोड़, 200 करोड़ क्लब का ट्रेंड शुरू हुआ है। वैसे 100 करोड़ कमाने वाली पहली हिंदी फिल्म देने का क्रेडिट आमिर खान को जाता है। साल 2008 में उनकी 'गजनी' पहली फिल्म बनी, जिसने भारत में 100 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था, लेकिन शाहरुख खान की 'पठान' और फिर 'जवान' जैसी फिल्मों ने इस क्लब के दायरे को और बढ़ा दिया है। लेकिन क्या आपको पता है कि पहली हिंदी फिल्म कौन सी है, जिसने 1 करोड़ का बिजनेस किया था। वो भी आज के जमाने में नहीं बल्कि आज से 80 साल पहले।



1943 में रिलीज हुई हिंदी फिल्म किस्मत का 186 हफ्ते तक बॉक्स ऑफिस पर रहा कब्जा

**अशोक कुमार की फिल्म किस्मत ने बनाया ये धांसू रिकॉर्ड :** इंडियन सिनेमा के मशहूर एक्टर दादा मुनि उर्फ अशोक कुमार को कौन नहीं जानता है। उन्होंने सिल्वर स्क्रीन पर ऐसे-ऐसे किरदार निभाए हैं, जिन्हें भुला पाना संभव नहीं है। उन्होंने बॉलीवुड में 6 दशक तक काम किया और इस दौरान उन्होंने लगभग 300 फिल्में कीं। अशोक कुमार पहले ऐसे एक्टर हैं, जिनकी फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 1 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। उस मूवी का नाम है 'किस्मत'।

### *186 हफ्ते तक फिल्म ने की थी कमाई*

*अशोक कुमार की फिल्म 'किस्मत' साल 1943 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर नोटों की बारिश हो गई थी। हालांकि, इस मूवी में अशोक कुमार ने निगेटिव किरदार निभाया था। उस दौर में ऐसा रोल करना एक बड़ा रिस्क था, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार किया और सिल्वर स्क्रीन पर अपनी एक्टिंग से सबका दिल जीत लिया था। अशोक कुमार की 'किस्मत' ने 186 सप्ताह तक बॉक्स ऑफिस पर लगातार कमाई की थी।*

### पर्दे पर पहली बार बने पुलिस ऑफिसर

*साल 1956 में अशोक कुमार ने 'इंस्पेक्टर' नाम की फिल्म की थी, जिसमें उन्होंने अपने रोल के लिए पुलिस की यूनिफॉर्म पहनी थी। हिंदी सिनेमा के इतिहास में ये पहली बार हुआ था जब नायक ने पुलिस का रोल निभाया था। इसके बाद बॉलीवुड में ये ट्रेंड खूब चला। आज तक फिल्मों के हीरो पुलिस के रोल में नजर आ रहे हैं। अशोक कुमार ने अपने पूरे करियर में इंडियन सिनेमा के फलने-फूलने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। 10 दिसंबर, 2001 को उनका निधन हो गया था। उस वक्त वह 90 साल के थे।*

## एक से बढ़कर एक रहा लुक, बला की खूबसूरत लगीं बॉलीवुड एक्ट्रेसेस!

# करवाचौथ पर सोलह श्रृंगार में सजीं बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने चांद संग किया प्रियतम का दीदार

**मुंबई।** देशभर में भारतीय सुहागनों ने 1 नवंबर करवाचौथ मनाया। अपनीपति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखकर उन्होंने पूजा की। इसी कड़ी में बॉलीवुड की कई एक्ट्रेसेस ने भी अपनी पति के लिए करवाचौथ का व्रत रखा और करवाचौथ के मौके पर वे साड़ी, जूलरी, मांग में सिंदूर, हाथों में मेहंदी और माथे पर बिंदी लगाकर सोलह श्रृंगार किए दिखाई दीं।

***परिणिति का पहला करवा चौथ :*** शादी के बाद परिणीति चोपड़ा का यह पहला करवाचौथ था। सुर्ख लाल सूट, हाथों में चूड़ा, मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र पहने वे बेहद खूबसूरत लग रही थीं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर पति राघव चड्ढा संग करवाचौथ की पूजा करते हुए फोटोज पोस्ट की हैं। इन फोटोज में परिणीति अपनी करवाचौथ की स्पेशल मेहंदी फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। साथ की एक्ट्रेस ने चांद की इमोजी बनाई है।

***कैटरीना ने पति संग की पूजा :*** एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने भी करवाचौथ पर विक्की कौशल के लिए व्रत रखा था। रेड साड़ी, मांग में सिंदूर, माथे पर लाल बिंदी और गले में मंगलसूत्र पहने उनका ट्रैडिशनल लुक सामने आया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पति विक्की और सासा-ससुर संग फोटोज शेयर की है।



***बिग बॉस के घर भी कपल्स ने मनाया करवाचौथ:*** बिग बॉस 17 के घर में भी करवा चौथ का पर्व मनाया गया। ऐश्वर्या शर्मा ने पति नील भट्ट के लिए व्रत रखा था तो वहीं अंकिता लोखंडे ने भी विक्की जैन की लंबी उम्र के लिए उपवास किया था। दोनों ने दुल्हनों की तरह सोलह श्रृंगार किया और करवाचौथ की पूजा की।

***वरुण धवन ने करवाचौथ पर किया खास पोस्ट***

एक्टर वरुण धवन ने पत्नी नताशा के साथ करवाचौथ के पूजा की बाद की तस्वीरें शेयर की हैं। अपने इंस्टाग्राम पर खास फोटोज शेयर करते हुए उन्होंने लिखा- सभी लोगों को करवाचौथ की शुभकामनाएं। सभी के लिए सुरक्षा और शांति की कामना करता हूं। भारतीय नारी सब भारी हालांकि नताशा वाकई में हल्की है इसलिए उसे अपनी गोद में बैठाना अच्छा लगता है।

***मोनालिसा ने वीडियो कॉल से मनाया करवाचौथ :*** भोजपूरी की खूबसूरत एक्ट्रेस मोनालिसा ने भी अपने पति के लिए करवाचौथ का व्रत रखा था। हालांकि उनके पति विक्रांत सिंह उनके साथ मौजूद नहीं थे। ऐसे में एक्ट्रेस ने वीडियो कॉल पर अपना व्रत तोड़ा। उन्होंने अपनी करवाचौथ पूजा की झलकियां भी शेयर की हैं।



***पति के साथ शिल्पा ने दिए पोज :*** करवाचौथ के मौके पर शिल्पा शेट्टी अपने पति राज कुंद्रा के साथ दिखाई दीं। राज कुंद्रा इस दौरान व्हाइट कलर के आउटफिट में नजर आए। शिल्पा शेट्टी ने त्योहार के इस मौके पर गुलाबी रंग की साड़ी पहनी। इसके साथ उन्होंने हैवी जूलरी पेयर कीं। मांग में सिंदूर, माथे पर लाल बिंदी और हाथों में भरी-भरी चूड़ियां पहने एक्ट्रेस काफी खूबसूरत दिखीं।

***मीरा दिखीं सिंपल, सबसे अलग लगीं नताशा दलाल:*** शाहिद कपूर की वाइफ मीरा राजपूत भी लाल साड़ी पहने किसी से कम नहीं लगीं। करवाचौथ के लिए मीरा राजपूत ने गोल्डन इंबॉयड्री वाली रेड कलर की साड़ी पहनी। वरुण धवन की पत्नी नताशा दलाल का लुक बिल्कुल अलग दिखा। नताशा लाइट पिंक कलर के फ्लोरल प्रिंटेड लहंगे में नजर आईं। लाइट मेकअप के साथ वे काफी हसीन लग रही थीं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलेक्स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देश ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चाधिकारियों को ध्यानाकर्षण कर उन्हें समाप्त करना है।